सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 188 | 12



फिल्म देवा का नया पोस्टर हुआ रिलीज

## न्यूज डायरी

### पूर्व सीएम चंपई सोरेन बीमार टीएमएच में भर्ती

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और वे कमजोरी महसूस कर रहे थे। पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार ने बताया कि वे डॉक्टर की निगरानी में हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्हें पिछले कुछ दिनों से लगातार लूज मोशन की शिकायत थी। जब तबीयत नहीं सुधरी तो उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनके साथ उनके छोटे बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद हैं। जब तक वे पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं हो जाएंगे तब तक उन्हें अस्पताल में भर्ती रखा जायेगा।

### इमरान को 14, बुशरा को 7 साल कैद की सजा

**कराची।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल अदालत ने अलकादिर ट्रस्ट के मामले में शुक्रवार को 14 साल की सजा सुनायी। साथ ही उनकी इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल की सजा दी गयी है। इमरान खान इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दे रहे हैं। 2023 में इमरान खान को सरकारी उपहारों को बेचने, सरकारी रहस्यों को लीक करने और गैरकानूनी शादी से जुड़े तीन मामलों में दोषी करार दिया जा चुका था।

### दो लाख का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं।

### एसीबी ने घूस लेते पंचायत सचिव को दबोचा

**हजारीबाग।** एसीबी की टीम ने शुक्रवार को पंचायत सचिव दीपक दास को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। हजारीबाग में एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की। पंचायत सचिव ने अबुआ आवास योजना के तीसरी किस्त की अदायगी के लिए लाभुक से घूस मांगा था। चमेली देवी नामक एक लाभुक को अबुआ आवास योजना का लाभ मिला था। उनसे पंचायत सचिव ने तीसरे किस्त के लिए 11 हजार रुपया घूस की मांग की थी। महिला ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने आरोप के सत्यापन के बाद पंचायत सेवक को घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## राष्ट्रपति ने गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

# झारखंड की बेटी सलीमा टेटे अर्जुन अवार्ड से अलंकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली, रांची।** झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें इस सम्मान से अलंकृत किया। सलीमा टेटे समेत 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड पिछले चार साल की अवधि में बेहतर प्रदर्शन, खेल कौश और अनुशासन की भावना के लिए दिया जाता है। सलीमा को अर्जुन अवार्ड मिलने से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सिमडेगा की रहने वाली सलीमा झारखंड की पहली बेटी हैं, जिन्हें यह सम्मान पाने का गौरव मिला। उनकी इस उपलब्धि पर राजयपाल, मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं, खेल संगठनों से बधाई दी है। वर्ष 2016 में सलीमा टेटे का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हुआ था। उसके बाद से लगातार वो आगे बढ़ती रहीं। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले बड़की छापर गांव की निवासी है। उनके पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।



## राज्य की अर्जुन अवार्डी पहली महिला खिलाड़ी बनीं सलीमा

### आपकी उपलब्धि पर गर्व : सीएम हेमंत सोरेन

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024**

राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश और झारखंड को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें। सीएम हेमंत सोरेन ने सलीमा टेटे को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आपकी इस शानदार उपलब्धि पर हम हम सभी को गर्व है। पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास ने भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को बधाई एवं शुभकामनाएं। समस्त झारखंडवासियों को आप पर गर्व है।

### संघर्ष व प्रतिभा को मिला सम्मान

काफी संघर्षों के बाद सलीमा ने सिमडेगा से भारतीय हॉकी टीम तक सफर तय किया है। उनके इस संघर्ष में उनके परिवार वालों खूब साथ दिया। इसी के बदौलत आज वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रही हैं।

**बहुमखी प्रतिभा की धनी हैं सलीमा टेटे की धनी हैं: भोला सिंह**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने सलीमा टेटे को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री सिंह ने कहा कि अर्जुन अवार्ड मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। इससे पहले माइकल किंडो को अर्जुन अवार्ड मिला था। उन्होंने कहा कि सलीमा झारखंड की पहली बेटी है, जिन्हें यह वार्ड मिला है। यह पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। सलीमा प्रतिभा की इतनी धनी हैं कि कई बार जरूरत पड़ने पर टीम के लिए बतौर फॉर्वर्ड भी खेल चुकी हैं।

## तिरू फॉल में डूबने से तीन युवाओं की मौत

### हेहल, रांची निवासी इंजीनियर आशीष और अंकुर दोनों सगे भाई थे


खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** राजधानी के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित तिरू फॉल में शुक्रवार को नहाने उतरे तीन युवकों की डूबने से मौत हो गयी। इनमें रांची हेहल के दो सगे भाई भी हैं। तीनों युवक नयी गाड़ी खरीदने की खुशी में पूरे परिवार के साथ तिरूफॉल में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। मृत युवकों की पहचान रांची हेहल निवासी स्व पद्मलोचन दास के दो इंजीनियर पुत्रों आशीष कुमार (23), अंकुर कुमार (26) तथा एक करीबी रिश्तेदार दीपक गिरि (19) के रूप में की गयी। दीपक चान्हो थाना के करकट निवासी अशोक गिरि के पुत्र थे।

**मां के सामने तीनो बच्चे डूब गये**

जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे तिरूफॉल में नहाने के दौरान अचानक आशीष डूबने लगा। उस को बचाने के प्रयास में दीपक और अंकुर भी डुब गये। तीनों बच्चों को पानी में डुबते देखकर अंकुर की मां भी उन्हें बचाने पानी उतरीं, पर वह किसी को बचा नहीं सकीं। तीनों बच्चे गहरे पानी में समा गये। घटनास्थल पर मां दहाड़ मार कर रोने लगीं। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तीनों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। आनन-फानन में सीएचसी बुढ़मू लेकर आयी। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### सुरक्षा की व्यवस्था नहीं



ग्रामीणों और परिजनों ने कहा कि तिरूफॉल सहित प्रखंड के अन्य पर्यटन स्थल में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव के कुछ लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए कमेटी बनाकर रखा गया था लेकिन यह सिर्फ पर्यटकों से वसूली तक सीमित हैं। सूचना पाकर बीडीओ धीरज कुमार और सीओ सचिदानंद वर्मा सीएचसी पहुंचे। बीडीओ और सीओ ने कहा कि क्षेत्र में स्थित सभी पर्यटन स्थल में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जायेगा।

**आशीष दिल्ली में इंजीनियर था**

आशीष दिल्ली के गुड़गांव में नौकरी करता था। वहीं अंकुर भी इंजीनियर था और उसकी हाल में ही रांची के आइएचएम में नौकरी लगी थी। आशीष की छुट्टी खत्म हो गयी थी और शुक्रवार की शाम की फ्लाइट से उसे दिल्ली जान था। उससे पहले ही यह हादसा हो गया। आशिष और अंकुर की मां पिपरवार थाना में कार्यरत है। दीपक श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज रांची में पढ़ाई करता था।

**चीत्कार से माहौल गमगीन :** अपनी आंखों के सामने बच्चों के डूबने से परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। एक साथ तीन शवों को देख और उनके परिजनों की करुण चीत्कार से बुढ़मू सीएचसी में मौजूद हर शख्स की आंखें भी नम हो गयीं।

## शिक्षक नियुक्ति में पारा टीचरों को झटका

**क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट खत्म**

**रांची।** हाइकोर्ट ने कृष्ण कुमार हलदर की ओर से राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। शुक्रवार को अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देना सही नहीं है। कोर्ट ने उन्हें क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिये जाने और क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा, कुमार पवन और शिवम उत्कर्ष सहाय ने बहस की। जेएसएससी की ओर से संजोय पिपरवाल, राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल साबू ने पक्ष रखा।




### देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार 'नक्सलमुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है। मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गये थे।

### 31 से बजट सत्र, एक फरवरी आम बजट

**नयी दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी के बीच हो सकता है। इस दौरान वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। 31 को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सत्र का दूसरा भाग मार्च के दूसरे सप्ताह और अप्रैल के पहले सप्ताह के मध्य होगा।

## डॉक्टर रेप-हत्या मामले में आज फैसला संभव

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में सियालदह कोर्ट शुक्रवार को अपना फैसला सुना सकता है। इस घटना ने पूरे देश और पीड़ित परिवार को झकझोर कर रख दिया है। अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। उसका शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। इस घटना के बाद, अस्पताल के एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस केस में दो मामले हैं, एक हाईकोर्ट में विचाराधीन है और दूसरा सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किया गया है। शनिवार को आने वाले इस फैसले से न केवल पीड़िता के परिवार, बल्कि न्यायपालिका की निष्पक्षता में विश्वास रखने वाले सभी लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। आरजी कर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उनकी भूमिका पर उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट की भी निगाह रही है। इस फैसले को सुनाने वाले अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बाण दास भी चर्चा का केंद्र बने हुए हैं।

### परिजनों को न्याय की उम्मीद

मृतक डॉक्टर के पिता ने निष्पक्ष फैसले की उम्मीद जताते हुए कहा कि अदालत द्वारा सभी बातों पर विचार करने के बाद हमें अच्छा फैसला मिलेगा। पीड़ित परिवार ने कहा कि वह अदालत के फैसले के बाद अगर न्याय उनके मुताबिक नहीं हुआ तो वह आगे की अदालतों में अपील करेंगे। डीएनए रिपोर्ट में अन्य लोगों (अन्य आरोपियों) की मौजूदगी की पुष्टि हुई हो चुकी है। पीड़ित डॉक्टर के पिता ने कहा कि हम अपनी बेटी के लिए सच्चा न्याय चाहते हैं। हमें जहां भी जरूरत होगी, हम जायेंगे।

# सेना के अधिकारी ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर(विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त) जीओसी 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली कैंट ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव पर करेगी मंथन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन करेगी। इसके लिए एक और दो फरवरी को बैठक होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। पार्टी विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्षों के साथ-साथ बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे।

## डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ और सड़क में 76 करोड़ खर्च के बाद भी काम शुरू नहीं

# सरायकेला में खरकई डैम और धनबाद में रिंग रोड निर्माण में हस्तक्षेप से हाइकोर्ट का इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दो जनहित याचिका में अपना फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने दोनों ही जनहित याचिका में प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। इनमें से एक जनहित याचिका में प्रार्थी संतोष कुमार सोनी ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए जनहित याचिका दायर की थी। कोर्ट ने इस पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी का कहना था कि 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था।

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, ओड़िसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था लेकिन वर्ष 2020 में बिना कारण के इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नयी जगह भी बन चुकी है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना चाहिए था।

### 76 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी धनबाद में रिंग रोड निर्माण शुरू नहीं

दूसरी जनहित याचिका में प्रार्थी अजय नारायण लाल ने धनबाद में वर्ष 2011 में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने का मामला उठाते हुए जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका को भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट को प्रार्थी की ओर से बताया गया कि 16 मई 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना निकाली थी। सरकार की एजेंसी झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार को रिंग रोड बनाने की जिम्मेदारी मिली थी लेकिन रिंग रोड के लिए कोई प्लान नहीं बनाया गया और इसका निर्माण कार्य भी 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुआ। सरकार की ओर से वर्ष 2011 में ही धनबाद के धनसार, झरिया, मनाइटाड़ आदि जगह में लोगों की जमीन ली गयी थी, जिसमें जमीन अधिग्रहण के मद में राज्य सरकार की ओर से 76 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे।

# झामुमो ने तीन जिलों को छोड़कर बूथ स्तर की सभी कमेटियों को किया भंग, संयोजक मंडली का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने तीन जिले दुमका, धनबाद और हजारीबाग को छोड़कर सभी जिलों की बूथ स्तर तक की सभी समितियों को भंग कर दिया है। साथ ही संयोजक मंडली का गठन किया गया है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है संयोजक मंडली के सदस्यों की नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी। मनोनीत संयोजकों को निम्नलिखित निर्देश दिया गया है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्धस्तर पर चलाना सुनिश्चित करेंगे। सदस्यता अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा वरिष्ठ नेताओं से सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी स्तर के नेता एवं कार्यकर्ताओं को शामिल करेंगे।

### पार्टी हित में सदस्यता अभियान को बनाएं सफल

जारी आदेश में कहा गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी हित में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए 45 दिनों के अंदर सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का गठन-पुनर्गठन करने के बाद प्रखंड, नगर और महानगर समितियों के गठन के लिए नामों की अनुसंशा (संपर्क संख्या एवं वाट्सएप संख्या सहित) अनिवार्य रूप से करते हुए केंद्रीय कार्यालय को समर्पित करेंगे।

# सीओ की मनमानी को रोकने के लिए जारी होगा व्हाट्सएप नंबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सीओ स्तर के अफसरों के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सरकार गंभीर है। राज्य में 20 लाख म्यूटेशन आवेदनों में 10 लाख से अधिक रद्द किए जाने पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने शुक्रवार को चिंता जतायी। उन्होंने सीओ स्तर के अधिकारियों को कार्यशैली बदलने की हिदायत दी। समय पर जमीन से जुड़े मामलों का समाधान नहीं करने वाले गंभीर कार्रवाई को भी तैयार रहें। मंत्री ने कहा कि शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा।

### एसीबी ने पहले ही कर ली है तैयारी

जमीन संबंधी मामलों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने पहले से ही तैयारी कर रखी है। रांची के तत्कालीन सीओ मुंशी राम को एसीबी ने घूस लेते गिरफ्तार किया था, तब डीजीपी और डीजी एसीबी अनुराग गुप्ता ने कहा था कि सीओ रैंक के अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री काफी गंभीर हैं। लोग भ्रष्टाचार की शिकायत कर सकें इसके लिए सभी सीओ कार्यालयों के बाहर एसीबी का नंबर होगा।

# राज्यपाल ने उत्तराखंड से आये युवाओं के साथ किया संवाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को उत्तराखंड से आये युवाओं के साथ राज भवन में संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत, पूरे विश्व में विविधता में एकता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता बताया और कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। उत्तराखंड, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहाँ अपार संभावनायें हैं। उन्होंने आईआईटी धनबाद द्वारा इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहां की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभायें।

# आंदोलनकारियों के गांवों को विकसित करने के लिए सात करोड़ आवंटित : दीपक बिरुवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को परिवहन मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी दीपक बिरुवा से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बजट 2025-26 में झारखंड आंदोलनकारियों के गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की मांग की। परिवहन मंत्री ने कहा कि 7 करोड़ रुपए झारखंड आंदोलनकारियों के अमर पुरोधाओं के गांवों को विकसित करने के लिए कल्याण विभाग की ओर से आवंटित किया जा चुका है। इस बजट में भी सरकार समुचित व्यवस्था करेगी इसकी अतिरिक्त आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान और सम्मान पेंशन के संदर्भ में भी सकारात्मक पहल करेगी।

**आंदोलनकारी के गांव को मॉडल विलेज बनायें : पुष्कर**

मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि झारखंड अलग राज्य, आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद बना है। आंदोलनकारियों के कारण ही आज हम सत्ता में सुशोभित है। आपके माध्यम से मांग करते हैं कि युद्ध स्तर पर झारखंड आंदोलनकारियों के गांव को चिन्हित किया जाए. राज्य सरकार प्रत्येक आंदोलनकारी के गांव को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करें और 5 वर्षों के अंदर दुनिया के समक्ष एक उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ज्ञात हो की झारखंड आंदोलनकारियों ने ही समृद्धशाली झारखंड-खुशहाल झारखंड के लिए संघर्ष किया, अलग पहचान के लिए शहादत दी संघर्ष किया। आंदोलनकारियों के पावन भूमि को, वीर भूमि के रूप में पूजनीय बनाते हुए एक-एक झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान एवं उनके आश्रितों के लिए रोजी- रोजगार एवं नियोजन सुनिश्चित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो, संयोजक डॉ रामनाथ मेहता, सागर महतो, मुरारी पांडेय, संतोष कुमार मेहता शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### आरयू के दो शिक्षक परीक्षा संबंधी कार्य से डिबार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा बोर्ड की आपात बैठक शुक्रवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीएड के दो शिक्षकों को परीक्षा संबंधी कार्यों से अगले पांच वर्षों के लिए डिबार करने का निर्णय लिया गया। ये शिक्षक विश्वविद्यालय के केंद्रीकृत मूल्यांकन केंद्र से उत्तरपुस्तिका बाहर ले जाते हुए देखे गए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### रिम्स में आज इएनटी में डॉ विनोद देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स के ईएनटी विभाग की ओपीडी में शनिवार को मरीजों को डॉ विनोद परामर्श देंगे। मेडिसिन में डॉ एमके प्रसाद, ऑर्थो में डॉ जीके गुप्ता, न्यूरो सर्जरी में डॉ आनंद प्रकाश और न्यूरोलॉजी में डॉ सुरेंद्र कुमार मरीजों को परामर्श देंगे।

### डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे को बधाई दी

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने ने कहा यह पुरस्कार न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का पल है।

### जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल आज होगा पूरा

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष अनिल महतो व उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह का कार्यकाल 18 जनवरी को पूरा हो जायेगा। इनकी नियुक्ति वर्ष 2022 में हुई थी। जैक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। परीक्षा से संबंधित सभी गोपनीय कार्य अध्यक्ष द्वारा ही किया जाता है। अध्यक्ष की नियुक्ति में विलंब होने से परीक्षा भी प्रभावित हो सकती है। मालूम हो कि जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा मंत्री को भेजा गया है। दोनों की नियुक्ति प्रक्रिया अगले सप्ताह पूरी हो जाने की संभावना है।

### 22 जनवरी को झारखंड के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**रांची।** झारखंड के सभी 24 जिलों में 22 जनवरी को एक बार फिर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा सभी जिलों के एसएसपी, एसपी को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है, कि जिन स्थानों पर पूर्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी स्थान पर यह कार्यक्रम करें। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 और 10 सितंबर 2024 को शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है।


NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website: www.netarhatvidyalaya.in

**Advt No.-91 Dated -17.01.2025**
**Expression of interest : Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya.**

Netarhat Vidyalaya , the state government's premier senior secondary school located on a beautiful Netarhat plateau, nearly 160 Km from Ranchi, is widely known for imparting quality education and all around development of the Students Since last 70 years. This school, a residential one, has since been granted autonomy and is being administered by **'Netarhat Vidyalaya Samiti'** a society registered under the societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

**Netarhat Vidyalaya now proposes to Select relevant Contractors having experience for Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya, Netarhat.** EOI are invited from reputed Firm/Agencies/ Individuals etc in respect of the subject matter cited above which shall be in the shape of two bid system – Technical and Financial – to be presented in two separate sealed envelopes by **2.00pm Before 30th January, 2025**. Tender cost is Rs. 2000/- Online through Which has to be paid through Our School website i.e www. netarhatvidyalaya. com.

The following documents need to be submitted along with the tender:-
Technical Bid: (i) PAN Card (ii) GST Registration Paper (iii) GST Return Certificate (iv) Last three year (21-22, 22-23, 23-24) Income Tax Return (v) Experience certificate in the relevant field.
Financial Bid: Best comparative industry rate in the standard format.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
- Cum Member Secretary, Netarhat Vidalaya Samiti

PR.NO.344501 Human Resource Developement(24-25):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)
निविदा सूचना संख्या - 07/2024-25 (1st Call) दिनांक – 16.01.2025

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2025 के अपराहन 2.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.01.2025 के अपराहन 4.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 25.01..2025 के 11.00 बजे पूर्वाहन।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० सं० | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | कुल प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bath Room (Bathing Arrangement With Polythene Sheet Covering, HDP Water Tank and Kachcha Sock Pit with Drain) at Different School in Simdega Distirct. | 1 | 04 अदद | 189600.00 | 3800.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 2 | 30 अदद अस्थायी शौचालय का निर्माण कार्य। | 2 | 30 अदद | 119220.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 3 | Rising & Distribution network with installation of water storage tank capacity 1000 liter of 2 nos. at Govt. Middle School, Parba. | 3 | 01 अदद | 64586.00 | 1300.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 4 | Construction of Tube Well of 125mm x 115 mm dia x 120 mtr. Deep drilled tube well at Govt. Upg. High School, Kewetang | 4 | 01 अदद | 119198.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 5 | Rivival of IM II hand pumps defunct due to their rotten riser pipe by changing all riser pipe at Basic School, Kolebira | 5 | 01 अदद | 16586.00 | 400.00 | 250.00 | 15 दिन |
| 6 | Rising & distribution network & changing of rotten riser pipe of existing tube well at Govt. UPG. High School Paitano. | 6 | 01 अदद | 38993.00 | 800.00 | 250.00 | 15 दिन |

नोट :– 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत निबंधन एवं UCAN तथा GST में Registration अनिवार्य है।
2.परिमाण विपत्र का मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक (जिसका शाखा सिमडेगा जिला में हो) से निर्गत ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा

PR 344505 (Simdega)24-25*D



रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–14012025–260216
CG-DL-E-14012025-260216
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 232] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 13, 2025/पौष 23, 1946
No. 232] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 13, 2025/PAUSHA 23, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2025

का.आ.234(अ).–केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 2551 तारीख 02/07/2024, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत आरही, भण्डार, गुरी, पण्डवा अचंल अन्तर्गत पण्डवा, गाड़ी खारा, कजरी, बटरारा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला, टिकुलिया, NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "13.07.2024" को "खबर मंत्रा" और "टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत आरही, भण्डार, गुरी, पण्डवा अचंल अन्तर्गत पण्डवा, गाड़ीखास, कजरी, बटसरा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला, टिकुलिया, जिला–पलामू, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

[फा.स. NHAI/RO/RNC/JH/LA/3D]
अभय जैन, निदेशक

जिलाः पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 13.01.2025
https://egazette.gov.in/(S(h1x1wpxvjnx1c0rdrjydqwsn))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=57757&file_id=29280



कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी
पत्रांक ............... खूँटी, दिनांक ..............
E-Tender Notice

(Through E-Procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)
Very short E-Tender Reference No. KNP/09/2024-25

1. Details of the work: 3rd Call

| Sl . | Name of work | BOQ (Estimated) Cost (Rs.) | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Scientific dumpsite land reclamation through Bio-mining at Belahathi dumpsite, Khunti. | 1,43,72,553/- | 10,000/- | 2% of Estimated amount | 03 Months |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय : दिनांक 18.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 25.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 27.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न, कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रण करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता: कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. ई–मेल पता : npkhunti2006@gmail.com
7. विज्ञापनदाता दूरभाष संख्या : 9931406816

नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरणी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में या वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक,नगर पंचायत, खूँटी।

PR 344461 Urban Development(24-25)D

## जिला स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेला का विधिवत शुभारंभ

# जीवन में सुख-दुख की साथी होती हैं किताबें : महुआ माजी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुस्तकों से व्यक्ति को सदा जुड़ा रहना चाहिए क्योंकि किताबें सच्चा मित्र ही नहीं सुख-दुख की साथी भी हैं। उक्त उद्गार शुक्रवार को समय इंडिया नई दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्कूल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले का विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथिद्वय प्रख्यात साहित्यकार सह राजसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने व्यक्त किए। उन्होंने पुस्तकों की महत्ता को खासतौर पर रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि यदि पुस्तकें नहीं होतीं तो हम अपनी परम्परा, संस्कृति और ज्ञान संपदा को नहीं जान पाते।

विधियक सी.पी. सिंह ने भी पुस्तकों को व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तक लिखना आसान नहीं। बहुत साधना और संयम की जरूरत होती है। मुझे कोई किताब लिखने को कहे तो मेरे लिए मुश्किल होगी। उन्होंने पुस्तक पठनीयता पर बोलते हुए कहा कि आज के दौर में पुस्तकें पढ़ने वाले कम हो रहे हैं लेकिन इस तरह के आयोजन से पठनीयता बढ़ती है। लोग किताबों के करीब आते हैं और उनकी रुचि में परिवर्तन आता है।

अतिथियों का स्वागत समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने शॉल भेंट कर किया। स्वागत वक्तव्य देते हुए उन्होंने कहा कि रांची में जारी पुस्तक मेला की परम्परा पुस्तक आन्दोलन का हिस्सा है। इस अवसर पर डॉ. जंगबहादुर पांडेय, डॉ. गोवर्धनपुरी, डॉ. ममता, मनीष सिन्हा, डॉ. कुसुमलता, वीणा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मेकॉन-सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण के लिए रेलवे का तीसरा ब्लॉक

# विकास कार्यों को लेकर 10 ट्रेनें हुईं रद्द, कई के समय में बदलाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों से चलने वाली 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को बदले रास्ते से चलाने का फैसला किया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी निशांत कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि मेकन-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण के लिए रांची रेल मंडल की ओर से तीसरा ब्लॉक लेने की तैयारी की जा रही है। इसकी वजह से 10 यात्री ट्रेनों को 11 से 13 दिनों तक के लिए रद्द कर दिया गया है। 3 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

**रांची-वाराणसी वंदे भारत समेत 3 ट्रेनें 31 जनवरी तक देर से जाएगी** : रांची-वाराणसी-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस (20887) ट्रेन को 20 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक अपने निर्धारित समय की जगह पर 30 मिनट विलंब से रवाना होगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि इससे पहले फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 2 बार ब्लॉक लिया जा चुका है। दूसरी बार लिये गये ब्लॉक की अवधि 19 जनवरी 2025 को समाप्त हो रही है।

**इन ट्रेनों का रूट बदला गया** : उन्होंने बताया कि पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन (06055) को 18 जनवरी और 25 जनवरी 2025 को और मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस (13425) ट्रेन को 25 जनवरी 2025 को, जबकि रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस (07052) ट्रेन को 21 जनवरी 2025 और 28 जनवरी 2025 को परिवर्तित मार्ग से चलााय जाएगा। ये ट्रेनें राउरकेला, सिनी, चांडिल, मुरी, कोटशिला होकर चलेंगी।



### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

- हटिया-सांकी-हटिया मेमू (58663/58664) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
- हटिया-सांकी-हटिया मेमू (58665/58666) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
- हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस (18602/18601) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
- रांची-हावडा-रांची एक्सप्रेस (18628/18627) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- हटिया-टाटानगर मेमू (68036) ट्रेन 19 जनवरी से 30 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- टाटानगर-हटिया मेमू (68035) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस (13503) ट्रेन 19 जनवरी से 30 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- हटिया- वर्द्धमान एक्सप्रेस (13504) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस (18175/18176) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
- रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची मेमू (58034/58033) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।

## जेईई मेन्स परीक्षा 22 से

# परीक्षा केंद्र के 300 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के तत्वावधान में जेईई मेन्स परीक्षा 22 से 24 जनवरी और 28 से 30 जनवरी तक दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने पुलिस बल और पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है।

परीक्षा केंद्रों की विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 22 से 24 जनवरी और 28 से 30 जनवरी तक सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक प्रभावी रहेगी।

## एचइसी कामगारों का एकजुटता का प्रदर्शन

**रांची।** एचइसी के कामगारों ने अपने आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर एकजुटता का प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कामगार एचईसी मुख्यालय के समक्ष एकत्र हुए और सप्लाई श्रमिकों को प्लांटों के अंदर ले जाने पर प्रबंधन का आभार जताया। प्रबंधन से ईएसआई की सुविधा जल्द शुरू करने एवं अन्य वित्तीय लाभ प्रदान करने की मांग की। कंपनी को आगे ले जाने का निर्णय लिया गया। एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोज पाठक, रंथू लोहार, वाई त्रिपाठी, विजय साहू, राजेश शर्मा एवं अन्य मौजूद थे।

# संवाद सत्र में छात्रों को परीक्षा में तनवामुक्त रहने के मिले टिप्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, टीवीएस जगन्नाथपुर, धुर्वा में बोर्ड परीक्षार्थियों के बीच संवाद सत्र का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, डीएसई बादल राज और शिक्षाविद् डॉ मनोहर लाल ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को खोए बिना परीक्षा की तैयारी के टिप्स छात्रों से साझा किए। **डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर क्रैक द कोड :** मैनेजिंग इक्जाम स्ट्रेस के तहत संवाद सत्र हो रहा है। विशेषज्ञों ने संतुलित अध्ययन, सैंपल प्रश्न पत्रों का लगातार अभ्यास करने, प्रश्न पत्रों के सभी प्रश्नों को हल करने का प्रयास करने, परीक्षा में तनाव मुक्त और चिंता मुक्त होने के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने परीक्षा से संबंधित सवाल भी पूछे, जिसका विशेषज्ञों ने जवाब भी दिए। डॉ सरिता सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया और डॉ ज्योति मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



## उपायुक्त के निर्देश पर डीटीओ ने चलाया जांच अभियान

# 138 वाहनों की हुई जांच, 26 वाहनों से वसूला गया 730500 रुपये का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

> दलादली एवं तुपुदाना क्षेत्र में की गयी जांच
>
> बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, लाइसेंस और वाहन संबंधी अन्य कागजातों की भी जांच

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखलेश कुमार द्वारा दलादली एवं तुपुदाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जांच जिला परिवहन पदाधिकारी अखलेश कुमार द्वारा की गई की गई।

वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 138 वाहनों की जांच की गई। कार्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। कुल 26 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा आदि) से 07 लाख 30 हजार 500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

**जारी रहेगी जांच, कागजात दुरुस्त रखें- डीटीओ** : जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया गया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें। साथ ही वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें।

## ईयर ऑफ नवल सिविलियन कार्यक्रम में शामिल हुए संजय सेठ

# विकसित भारत के सपनों को सामूहिक रूप से पूर्ण करने का लिया संकल्प




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को ईयर ऑफ नवल सिविलियन के तहत नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरूआत फोटो और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई। इसमें नौसेना के नागरिकों की कलात्मक प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कलाकृतियों में कार्यस्थल पर जीवन के दृश्य और नौसेना के परिचालन समर्थन में नागरिकों के विभिन्न योगदानों को दर्शाया गया। प्रदर्शनी में न केवल नौसेना के नागरिकों द्वारा निभाई गई तकनीकी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी दिखाया गया। इस अवसर पर सीडीएस अनिल चौहान भी उपस्थित थे। नौसेना के नागरिकों के महत्वपूर्ण योगदान पर परिचर्चा हुई। सबने पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिये हम सबने पूर्ण कौशल और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## बीआईटी मेसरा में इमेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग पर कार्यशाला

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से शुक्रवार को खनिज लक्षण निर्धारण के लिए इमेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग, विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) से प्रायोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य ज्ञान का आदान-प्रदान, व्यावहारिक प्रशिक्षण और खनिज लक्षण निर्धारण में उभरते एआई अनुप्रयोगों पर चर्चा को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि राजीव कुमार सिंह, महाप्रबंधक (एक्सप्लोरेशन), सीएमपीडीआई ने खनिज संसाधन प्रबंधन और खोज में इमेज प्रोसेसिंग व मशीन लर्निंग तकनीक की भूमिका पर बात की। उन्होंने सीएमपीडीआई की ओर से इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया। बीआईटी मेसरा के डीन अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता डॉ राजू पोद्दार ने खनिज लक्षण निर्धारण के लिए मशीन लर्निंग और इमेज प्रोसेसिंग तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

# तापमान फिर गिरा, अगले पांच दिनों में बदलाव की संभावना नहीं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। आंशिक बादल भी छाए रहे। बीते 24 घंटे में 3 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने शुक्रवार को दी। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम केंद्र के अनुसार, 18 और 19 जनवरी तक राज्य के कुछ इलाकों में सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा।

**कांके का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिरा :** रांची से सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में करीब 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। बीएयू के कृषि मौसम विभाग के अनुसार, 16 जनवरी को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस था, जबकि यह 17 जनवरी को 5.4 डिग्री सेल्सियस हो गया।

## खबर एक नजर में

### तस्कर की जमानत अर्जी खारिज



रांची। अपर न्यायायुक्त मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पिछले 3 साल से जेल में बंद आरोपी सूरज सिंह को जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी को रेल थाना हटिया पुलिस ने 14 जनवरी 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। रेल पुलिस ने हटिया स्टेशन के प्लेटफार्म 3 पर दो बैंग से 14.2 किलो और 12.4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उसके साथ बजरंग बहादुर को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके बैग से गांजा बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जा रहा है।

### नार्कोटिक्स और अफीम को लेकर कार्यशाला

रांची। वन विभाग की ओर से नार्कोटिक्स और अफीम को नष्ट करने के लिए की जाने वाली कार्रवाई पर शुक्रवार को कार्यशाला हुई। वन भवन के पलाश सभागार में आयोजन नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची के जोनल कार्यालय के साथ मिलकर किया गया। इसमें फील्ड में काम करने वाले वन अफसरों के उन्मुखीकरण और अफील की खेती को नष्ट करने पर विशेष जानकारी दी। एनसीबी से मनोहर कुमार मंजुल, इंटेलिजेंस ऑफिसर ने इस कार्यशाला में अफीम खेती के विषय में जानकारी साझा की और प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने ड्रग अधिनियम के विषय में अधिकारियों की जिम्मेदारी के विषय में चर्चा की और विभिन्न धाराओं के बारे में सूचित किया। एन कॉर्ड की बैठक में जिला स्तर पर सम्मिलित होने को लेकर अवगत कराया। वन रक्षियों को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवक, मुखिया, इत्यादि से मीटिंग करने के लिए जागरूक किया।

# विधायक नवीन जायसवाल का कार्यकर्ता मिलन सह वनभोग कार्यक्रम आयोजित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक नवीन जायसवाल की ओर से शुक्रवार को धुर्वा डैम के समीप वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों एवं वार्ड क्षेत्र से 2000 से भी अधिक पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू उपस्थित थे। सांसद श्री साहू ने हटिया विधानसभा में चौथी बार परचम लहराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। विधायक नवीन जायसवाल ने सभी का आभार जताया। मौके पर शिवपूजन पाठक, वरुण साहू, बलराम सिंह, जैम्स बॉण्ड खलको, रूपेश गोप, सुबोध साहू, देवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अनिता वर्मा, पूनम जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# शहीद पांडेय गणपत राय राज्य के गौरव, उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती मनायी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय भवन में आयोजित जयंती कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पाण्डेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। देश को आजाद कराने में इनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुसाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था। उन्होंने कहा कि अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय कुसल रणनीतिकार थे। उनकी कुसाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटानागपुर पठार में एक उँचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल 1858 को फांसी दी गयी। अंग्रेजों ने जब छल-बल से छोटानागपुर पर कब्जा करने की कोसिष की तो गणपत राय ने विरोध की पृष्ठभूमि तैयार की।

उन्होंने पाण्डेय गणपत राय की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि बाल्यावस्था से हीं तलवार चलाना, शिकार खेलना इनका प्रिय शौक था। अग्रेंजों से देश को आजाद कराने में फिरंगियों से इन्होंनें जमकर लोहा लिया, इनके कार्यो से हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए। एक साजिस के तहत फिरंगियों ने इन्हें गिरफ्तार करवाया था।

इस अवसर पर केएन त्रिपाठी, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, गजेन्द्र सिंह, रियाज अंसारी, राजन वर्मा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, शान्तनू मिश्रा, अजहर पप्पु, सुरेन राम, महेन्द्र मिश्रा, शमशेर आलम, मदन कुमार महतो, हुसैन खान, प्रभात कुमार, योगेन्द्र सिंह बेनी, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजू राम, राजीव नारायण प्रसाद, दामोदर बाल्मिकी, समुदर गुप्ता, जगरन्नाथ साहु, शहजादा, रामानंद केशरी आदि कांग्रेसजन शामिल थे।



# शहीद स्मारक समिति ने पांडेय गणपत राय को दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय शहीद स्मारक में शहीद स्मारक समिति द्वारा शुक्रवार को शहीद पांडेय गणपत राय की 216वीं जयंती मनायी गयी। इस समारोह में शहीद पांडेय गणपत राय के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के सचिव डॉ राम प्रवेश, शिक्षाविद हरविंदर वीर सिंह, विमल किशोर, शंकर आजाद, वीरेंद्र कुमार सिंह, किशन अग्रवाल, रवि दत्त, हरदीप सिंह, आजम अहमद, पशुपति नाथ सिंह, मो इसराइल खालिद, अयाज अख्तर, सोनू, आदित्य मोनू सहित अनेक लोगों ने शहीद पांडेय गणपत राय के 1857 की क्रांति में अमूल्य योगदान को याद किया और पुष्प अर्पित किया गया।

# चैंबर ने इएसआइसी अस्पताल का किया दौरा, मरीजों का लिया हाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश समेत अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को नामकुम स्थित ईएसआईसी अस्पताल का दौरा किया। अस्पताल में मरीजों के इलाज की सुविधा का जायजा लिया। यह देखा गया कि 200 बेड का निमार्णाधीन अस्पताल जल्द तैयार होने की स्थिति में है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। राजधानी में इसके निर्माण से करीब 5 लाख मरीज और उनके परिजन लाभान्वित होंगे।

चैंबर ने पुराने अस्पताल का भी जायजा लेकर वहां भर्ती मरीजों की इलाज की सुविधा का हाल लिया।

### जिस प्रतिष्ठान में 9 से अधिक कर्मचारी वहां ईएसआईसी होता है लागू : क्षेत्रीय निदेशक

क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि जिस प्रतिष्ठान में 9 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां ईएसआईसी लागू होता है, किंतु किसी प्रतिष्ठान में यदि एक भी कर्मचारी कार्यरत हों, उन्हें भी पांच प्रकार के रजिस्टर को मेंटेन करने की अनिवार्यता है। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, श्रम एवं ईएसआईसी उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत, विभाग से संयुक्त निदेशक शिवेंदु कुमार, चिकित्सा अधीक्षक नीरज कुमार, सहायक निदेशक अभिषेक कुमार शामिल थे।

पुराने अस्पताल में मरीजों के इलाज की सुविधा संतोषजनक मिली। बताया गया कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी विभाग द्वारा जल्द ही दूर होगी। वहीं मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य भी जारी है। इस दौरान ईएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन के साथ भी वार्ता भी हुई।

चैंबर अध्यक्ष ने पूर्व के समान ईएसआईसी द्वारा फिर से ऑनलाइन सुविधा समागम बैठकों का आयोजन प्रति माह करने का आग्रह किया। क्षेत्रीय निदेशक ने जल्द बैठक शुरू करने के लिए आश्वस्त किया।

## इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से बैठक

# किसानों की आय में वृद्धि व पारंपरिक खेती में बदलाव आवश्यक : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-आपरेटिव लिमिटेड, रांची की ओर से शुक्रवार को राज्य सलाहकार समिति की बैठक शहर के एक स्थानीय होटल में की गयी, जिसमें डॉ. रमेश वर्मा (वरिष्ठ विपणन प्रबंधक, इफको नई दिल्ली), विकास कुमार (निर्देशक समेटी), राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. शशिभूषण समदर्शी, प्रक्षेत्र प्रबंधक चंदन कुमार, झारखंड राज्य डीबीटी प्रमुख चंदन सिंह, इफको झारखंड आम सभा के प्रतिनिधि अरुण लाल गुटगुटिया के अलावा सभी जिलों के जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी, इफको झारखंड के समस्त पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान जगदेव टोप्पो, गंदुरा उरांव सहित लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास कुमार निदेशक (राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान) ने बताया कि हमारे झारखंड में 84% ऐसे किसान हैं जो पारंपरिक फसलों जैसे धान और मक्के की खेती करते हैं। यहां ज्यादातर किसान मार्जिनल फॉर्मर हैं। हमें उन किसानों पर विशेष ध्यान देके उनकी आय बढ़ाने के लिए काम करना होगा। उनके लिए अलग तरीके से प्लान तैयार करना होगा। झारखंड राज्य के 16% किसान सब्जियों की खेती करते हैं उनके विकास के लिए अलग प्लान बनाना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार यूरिया के प्रति बोरे में 1275 रुपया सब्सिडी देती है एवं डीएपी में 1052 रुपये की सब्सिडी देती है।

राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. शशिभूषण समदर्शी ने कृषि एवं किसान के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ. समदर्शी ने पारंपरिक डीएपी एवं यूरिया के दुष्परिणामों के बारे में बात की एवं उन्होंने, झारखंड राज्य में असंतुलित उर्वरकों के इस्तमाल के कारण मिट्टी में होने वाले नुकसान की बात की एवं बताया कि आदर्श कृषि में नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटैशियम का उपयोग अनुपात जो 4:2:1 होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूरिया में भारी अनुदान होने के कारण सस्ता होने की वजह से किसान पारंपरिक यूरिया का इस्तेमाल बहुत ज्यादा करते हैं, जिससे झारखंड में नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटैशियम का अनुपात 52:16:1 है, जो अस्थाई कृषि, मिट्टी एवं जल के लिए हानिकारक है एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति का क्षरण करता है। उन्होंने कहा कि आज के परिदृश्य में जहां किसानों की आय दोगुनी करनी है एवं मिट्टी के क्षरण हो रहा है हमें पारंपरिक खेती में बदलाव लाना होगा एवं नैनो उर्वरकों को पारंपरिक उर्वरकों की जगह इस्तमाल करना होगा। जिसका उपयोग दक्षता 90% है एवं मिट्टी संरक्षण में भी सहायक है।

टेक्नोग्राउंड के सीईओ रोशन कुमार ने कृषि में ड्रोन की उपयोगिता को समझाया एवं बताया कि कैसे ड्रोन कृषि में बदलाव ल रहा है एवं किसानों का भविष्य बना रहा है। प्रक्षेत्र प्रबंधक चंदन कुमार ने नैनो उर्वरकों के महत्व को समझाया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## संत जेवियर्स कॉलेज में फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग पर व्याख्यान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को वनस्पति विभाग द्वारा कॉलेज के फादर प्रूस्ट हॉल में फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में जेआरयू की सहायक प्राध्यापिका डॉ नेहा एंजेल ग्रेस किस्कू ने बागवानी पर विद्यार्थियों की कल्पनाओं को जगाने एवं उसके कई स्वरूपों की विवेचना की। इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्रोजेक्ट्स के साथ आगे बढ़ने के बारे में जानकारी दी गयी। पूरे सत्र के दौरान छात्र पौधों की पंखुड़ियों और झरनों की रंगीन छवियों के बारे जानने को इच्छुक दिखे। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, विभाग के अन्य प्राध्यपकगण व सेम पांच और एक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सचिव अरोमा ऐश्वर्या बारला ने किया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने स्टाफ संबोधन कार्यक्रम का किया आयोजन

# हर जरूरतमंद के घर तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच के लिए कार्य करने की जरूरत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुक्रवार को बीएनआर चाणक्या होटल में स्टाफ संबोधन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमवी राव द्वारा किया गया। श्री राव के द्वारा पिछले वर्षों मेंबैंक के विभिन्न मानदंडों में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए बैंक के स्टाफ सदस्यों परिश्रम को प्रशंसित किया गया। उन्होंने बैंक और ग्राहकों के मध्य परस्पर अन्योन्यश्रय संबंध की चर्चा की उन्होंने बताया कि समय की मांग के आधार पर बैंक ने अपनी तकनीक को उन्नत बनाने का कार्य किया है जिस से ग्राहकों की शाखा पर निर्भरता कम हो। उन्होंने आह्वान किया कि हर जरूरतमंद के घर पर बैंकिंग सेवाओं की पहुंच के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। बैंक द्वारा अपने डिजिटल ऐप सेंट नियो के माध्यम से ग्राहकों के लिए बहुत सारी डिजिटल सुविधाएं प्रायोजित हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय कार्यालय राँची के अर्धवार्षिक पत्रिका सेंट जोहार का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख आर सी गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




## अम्बेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में सेनेटरी पैड अवेयरनेस प्रोग्राम




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धुर्वा स्थित आंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में शुक्रवार को सेनेटरी पैड अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। 100 गर्ल्स क्लब के फाउंडर राजमणि के द्वारा जनकल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान के तहत स्कूल में सेनेटरी वेंडिंग मशीन स्कूल परिसर में लगाया गया। मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार सिन्हा डीआईजी रांची, विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण कुमार ब्रेन एंड नर्व स्पेशलिस्ट न्यूरो डिपार्टमेंट सैमफोर्ड हॉस्पिटल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार समाजसेवी,स्कूल के फाउंडर विनोद कुमार बैठा, स्कूल कि निर्देशिका संगीता कुमारी,सह निदेशक अमित कुमार सहित स्कूल कि शिशिकाएं मोनिका, श्वेता, रुकिया, सुमन और सैकड़ों छात्राएं मौजूद थीं।

## स्त्री सत्संग सभा और माता गुजरी जत्था की सदस्यों ने पिकनिक का लिया आनंद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्त्री सत्संग सभा और माता गुजरी जत्था की 80 सदस्यों ने नववर्ष के उपलक्ष में शुक्रवार को रॉक गार्डन में पिकनिक मनाया। सभी सदस्य अपने-अपने घरों से चटाई, गेम्स के सामन और लजीज व्यंजन लेकर पहुंची और रॉक गार्डन में लजीज व्यंजनों के साथ विभिन्न गेम खेलकर नव वर्ष को खूब एंजॉय किया। इस जत्थे का नेतृत्व बलबीर मिढ़ा और गीता कटारिया ने किया। सभी सदस्यों ने वहां रॉक गार्डन परिसर घूमा, नौका विहार किया, विभिन्न गेम्स खेले तथा अंतराक्षरी गेम में गीत गुनगुनाकर माहौल का मजा लिया.ग्रुप में चालीस से सत्तर वर्ष आयु की महिलाएं शामिल थीं।

पिकनिक में बलबीर मिढ़ा, गीता कटारिया, तीर्थी काठपलिया, मनजीत कौर, दुर्गी देवी मिढ़ा, बबली मिढ़ा, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, किरण अरोड़ा, पूनम मिढ़ा, किरण मुंजाल, कांता मिढ़ा, अमर बजाज, इंदु पपनेजा, आशा मिढ़ा, सुषमा गिरधर, मधु मक्कड़, मीना आहूजा, रवि नागपाल, ऊषा झंडई, नीता मिढ़ा, नीतू किंगर, कृष्णा मिढ़ा, सुषमा अरोड़ा, ममता थरेजा, लक्ष्मी मिढ़ा, सविता मुंजाल समेत अन्य शामिल थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## बीआइटी मेसरा में वित्तीय साक्षरता पर फिनस्ट्रीट की हुई शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के फाइनेंस क्लब की ओर से वित्तीय साक्षारता पर आयोजित तीन दिवीसीय कार्यक्रम- फिनस्ट्रिट की शुरूआत शुक्रवार को हुई। मुख्य अतिथि नंदू केमिकल्स इंडस्ट्रीज के चेयरमैन- रामानंदन हेगड़े ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर अपने विचार साझा किए, जो भविष्य को आकार देने में सहायक हैं। छात्र मामलों के डीन डॉ भास्कर कर्ण ने वित्तीय साक्षरता की परिवर्तनकारी शक्ति पर बात की। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्त के क्षेत्र में उत्सुकता और आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। नवाचार और उद्यमिता के डीन अनुसंधान डॉ राजू पोद्दार ने वित्तीय ज्ञान की अंतः विषय प्रकृति पर चर्चा की और इसे नवाचार और अनुसंधान से जोड़ा। वहीं, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज के डीन डॉ संदीप सिंह सोलंकी ने वित्तीय जागरुकता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

समारोह में ट्रेडर टूथ के संस्थापक और सीइओ उजैर अहमद ने वित्त और ट्रेडिंग पर अपने ज्ञान को साझा किया और छात्रों से यह आग्रह किया कि वे वित्तीय सिद्धांतों को रचनात्मक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में लागू करें। कार्यक्रम में फाइनेंस क्लब के फैकल्टी एडवाइजर डॉ आनंद प्रसाद सिन्हा सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता, महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्रद्धालुओं का तांता शुक्रवार को लगा रहा। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया तथा महिला समिति के सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर भजनों में खूब झूमे एवं श्री राधा कृष्ण के भोग लगाए गए। चौठ व्रत का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। इस दिन गणपति बप्पा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ये व्रत रखने से संतान की लंबी आयु और खुशहाल जीवन की प्राप्ति होती है।

## डालसा के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, दी गयी कानूनी सलाह

# नशीली दवाओं के सेवन से शरीर और परिवार पर पड़ता है कुप्रभाव : कविता कुमारी खाती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर लापूंग ब्लॉक के तापुकेरा पंचायत भवन में 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, कविता कुमारी खाती, पीएलवी प्रतिमा देवी, अनिता देवी, सतीश नाग, रंथु महतो, अरूण केरकेट्टा, खुदीराम साहु एवं राजा बनर्जी समेत अन्य लोग उपस्थि थे।



अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा नशा से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं दी जानेवाली योजनओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा से तन और धन दोनों की हानि होती है।

डायन-बिसाही पर फोकस करते हुए कहा कि यह एक अंधविश्वास है, डायन कहकर लोगों को प्रताड़ित नहीं करना चाहिए। बाल श्रम एक अपराध है, कम उम्र के बच्चों को संस्थानों में काम नहीं कराने की बाते कहीं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को आयोजित की जायेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटर से संबंधित मामलों का निपटारा किया जायेगा।

## आरयू और इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन मिल कर बढ़ायेंगे उद्यमशीलता

# आरयू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा बने इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन के सलाहकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन की टीम ने रथिन भद्रा के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। डॉ सिन्हा से झारखंड में स्टार्ट अप तथा उद्यमशीलता को गति देने के लिये सहयोग मांगा। कुलपति डॉ सिन्हा से झारखंड में इसुआ के एडवाइजर बनने का आग्रह किया गया, ताकि राज्य में उनका अमूल्य सहयोग प्राप्त हो। इस आग्रह को कुलपति ने स्वीकार कर लिया। अब रांची विश्वविद्यालय और इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन झारखंड में उद्यमशीलता तथा रोजगारपरक नये आयडियाज पर मिल कर काम करेंगे। इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे पास स्टार्टअप के बहुत सारे नवाचार हैं। इसे हम इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के साथ मिल कर बेहतर और प्रभावी ढंग से करते हुए अच्छा परिणाम हासिल कर सकते हैं। इससे हमारे राज्य के युवा बाहर रोजगार खोजने के बजाय रोजगार देने वाले बन सकते हैं। रांची विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में एक कमिटी बना कर इस दिशा में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।



इस बैठक में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीन साइंस डॉ अरूण कुमार, डॉ ऐके डेल्टा, डॉ वन्दना, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ स्मृति सिंह, डॉ रणधीर कुमार, विभिन्न विभागों के हेड तथा प्राध्यापक उपस्थित थे।

# पीएलएफआई का जोनल कमांडर कृष्णा यादव गिरफ्तार

## दो लाख का ईनामी कृष्णा यादव मार्च 21 को बालूमाथ थाना हाजत से भाग निकला था, कई थानों में है केस दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहु बसरिया ग्राम में निर्माणधीन पुल में मुंसी भूपेंद्र यादव का हत्यारा कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को पुलिस ने गिरफ्तार कर होस्पिटलाइज कर दिया। कुख्यात अपराधी कृष्णा पर 2014 से कई थाना में मामला दर्ज है। सुल्तान की तलास पुलिस कई वर्षों से कर रही थी। जिसके बाद 15 जनवरी की रात्रि पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को मिली गुप्त सूचना पर दो लाख का इनामी पीएलएफआई सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी अपने दस्ता सदस्यों के साथ कुडू थानान्तर्गत गुड़गुड़गढ़ा धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस पार्टी द्वारा वहाँ छापामारी करने गयी थी, परन्तु कुछ देर पूर्व हीं वहाँ से जा चुका था। आगे सूचना मिली कि वह अपने सदस्यों के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत नकटा पहाड़ से हरहु बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के पास जंगल में दो अन्य दस्ता सदस्यों के साथ छुपा है तथा किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है। सूचना का सत्यापन पर पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान सह छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगली क्षेत्र का घेराबंदी कर भागने के क्रम में प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन के जोनल कमाण्डर सह झारखण्ड स्टेट



कमेटी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। कृष्णा यादव के निशानदेही के आधार पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटांड़ जंगल में स्थित क्षतिग्रस्त मकान में काला रंग के बैग में छिपाकर रखा हुआ एक कारबाईन एवं छः जिन्दा गोली तथा एक कंबल बरामद किया गया। विदित हो कि सुल्तान 2014 से प्रतिबंधित पी.एल.एफ.आई. संगठन से जुड़ा है, क्षेत्र के जमीन कारोबारी, क्रसर मालिक, ईंट भट्ठा मालिक तथा विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम की मांग करता है और नहीं देने पर कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ जाकर आगजनी, तोड़फोड़, एवं फायरिंग तथा हत्या तक की घटना को अंजाम देता है। आगे उसके द्वारा बताया गया कि कुछ और हथियार नकटा पहाड़ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा के बीच जंगल में बना नाला के पास छिपाकर रखा है तथा उसी क्षेत्र में उसके दस्ता सदस्य भी रहते है। उसके बताये अनुसार उक्त क्षेत्र में पुलिस बल उसे ले कर पैदल तलाशी एवं छापामारी अभियान चला रही थी कि इस बीच में पुलिस को धक्का देते हुए रस्सा छुड़ाकर भागने लगा जिस कम में पथरीला गंड्ढा में गिर गया जिसे वह चोटिल हो गया। इसी कम में पुलिस उसे पकड़कर पुनः गिरफ्तार कर ईलाज हेतु रिम्स रॉची में भर्ती करायी है जहाँ वह पुलिस अभिरक्षा में ईलाजरत हैं।

सुल्तान का झारखण्ड के कई जिलों के थाना में आपराधिक इतिहास रहा हैं चान्हों थाना, बुड्मू थाना, पिपरवार थाना, चंदवा थाना, काके थाना, कुडू थाना, कैरो थाना, पतरातु थाना, खलारी थाना, मैक्लुस्कीगंज थाना, बालूमाथ थाना, लातेहार थाना, मनिका थाना, पिठौरिया थाना, भण्डरा थाना सहित अन्य में हत्या, हत्या का प्रयास, धमकी, आगजनी, वसूली, मारपीट, लूटपाट,आर्म्स एक्ट,17 सीएलए एक्ट सहित कुल 57 मामला दर्ज है।

### पुलिस हिरासत से फरार होने में रहा था सफल

बता दे की कुख्यात अपराधी कृष्णा यादव सुल्तान 23 मार्च 21 को बालूमाथ थाना से फरार होने में सफल रहा था। तत्कालीन थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप के द्वारा पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ के लिए बालूमाथ थाना लाया गया था, जहां से सुल्तान जी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा था। पुलिस कस्टडी से भगाने के बाद अब लगभग 4 वर्ष बाद एक बार फिर से सुल्तान जी पुलिस की गिरफ्त में आया है।

### छापामारी दल

रामनारायण चौधरी पुलिस उपाधीक्षक खलारी, विजय कुमार सिंह, सह थाना प्रभारी खलारी,गोविन्द कुमार, थाना प्रभारी मैकलूस्कीगंज,चंदन कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी चान्हो, रितेश कुमार महतो, थाना प्रभारी बुढ़मू, दीपक कुमार साव, मैक्लुस्कीगंज व सशस्त्र बल शामिल थे।

## एक नजर में

### राहे में हाथियों ने घर तोड़ा, धान खाया

राहे। थाना क्षेत्र के सीसीटांड़ गांव के दिलीप महली के घर के छप्पर ओर एस्बेस्टस को तोड़ कर हाथियों के झुंड ने मन भर धान को खाया है। घटना गुरुवार रात की है। हाथियों के झुंड बांस वन से निकल कर सीसीटांड़ गांव पहुंचे और दिलिप महली के घर में रखे 50 क्विंटल धान को मन भर खाया है। धान खाने के बाद हाथियों का झुंड सुमानडीह गांव के किसान सुरेश अहीर के खेत में लगे लौकी ओर आलू को नष्ट कर दिया है। हाथियों के झुंड लगातार राहे आसपास के गांव में उत्पात मचा रखा है। ग्रामीणों ने हाथियों को भागने के मांग किया है।



हाथियों द्वारा नष्ट किया गया घर।

### बटन मशरूम की खेती पर कार्यशाला

▶▶ पांच दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

▶▶ 30 महिला कृषक ले रहीं भाग

रातू। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से एग्रिकल्चरल एक्सटेंशन योजना के तहत प्रखंड के सेवाधाम प्रशिक्षण केंद्र में बटन और मशरूम की उन्नत खेती के लिये पांच दिनी प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन बीटीएम मुन्नी कुजूर ने किया। उन्होंने मशरूम उत्पादन से होने वाली आमदनी की जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायत की 30 कृषक महिलाएं भाग ले रही है। डॉ पिंकी साहू बतौर प्रशिक्षक उन्हें प्रशिक्षण दे रही हैं। इसमें स्वीटी लकड़ा, प्रतिभा रेजिना कुजूर, दीपा देवी, संपति कुजूर, रोहित कुजूर, वीणा देवी व रीता उरांव आदि शामिल हैं।



प्रशिक्षणार्थी महिलाएं।

### कांग्रेस कमिटी ने कम्बल का वितरण किया

सिल्ली/मुरी। 17 जनवरी 2025 को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पंचायत विसरिया के वार्ड न. 9 कुटाम में कांग्रेस नेता शमशेर आलम के अगुवाई में जरूरतमंदो के बीच कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्यरुप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेशवर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला महासचिव रमजान अंसारी, महताब अंसारी, दशरथ कुम्हार इत्यादि कांग्रेस जनों की गरिमायी उपस्थिति रही। इस सफल कार्यक्रम के लिए सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने कांग्रेस नेतागण का आभार जताया।



### इटकी प्रखंड के एफएफसी गोदाम मजदूर हड़ताल पर जाने से उठाव बाधित

इटकी। इटकी प्रखंड के एफएफसी गोदाम में कार्यरत पल्लेदार मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी व मजदूरों के बकाये राशि का भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल में चले जाने के कारण गोदाम से राशन का उठाव बाधित पड़ गया है। प्रखंड स्थित गोदाम के समक्ष मोटिया मजदूरों ने धरना दिया। मजदूरों का कहना था कि रांची जिला के हथालन व परिवहन अभिकर्ता के द्वारा प्रखंडों में खाद्यान्न की अनलोडिंग में झारखंड खाद्य निगम के द्वारा निर्धारित मानक न्यूनतम मजदूरी एवं बकाये का भुगतान करने में आनाकानी की जा रही है। मजदूरों ने बताया कि उन्होंने परिवहन अभिकर्ता से साढ़े आठ रुपये की दर से निर्धारित मजदूरी व बकाये की भुगतान कराने की मांग को लेकर रांची के उपायुक्त, श्रम अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी व मांडर के विधायक को ज्ञापन देकर भुगतान का अपील किया गया है। जबतक मांगें पूरी नहीं होती तब तक परिवहन अभिकर्ता द्वारा भेजे जाने वाले वाहन से खाद्यान्न की अनलोडिंग बाधित रखेंगे। हालांकि गोदाम में काम करेंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी अभिकर्ता की होगी। धरने पर मुस्ताक अंसारी, अफरोज खान, प्रकाश महतो, कैलाश महतो, खुर्शीद अंसारी, अख्तर अंसारी, अमानत अंसारी, पेटू अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ शिवटँगरा टुसु मेला

राहे। प्रखंड के महेशपुर–पूरनानगर गांव में शुक्रवार को शिवटँगरा टुसु मेला का आयोजन किया गया। लोग मेला में चौड़ल के साथ नाचते गाते आये। मेले में झारखंड लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। मेले में कई तरह के स्टॉल लगे थे। लोग मेला परिसर में स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना भी किये। चौड़ल दल लोक नृत्य प्रस्तुत किया।भेलकी टुसु दल, ताऊ टुसू दल, पोवादीरी दल, फुलवार दल के आकर्षक चौड़ल लाये गये थे। अतिथियों द्वारा चौड़ल–टुसु दल को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अक्षय महतो, सुचाँद महतो, राधामोहन महतो, वीरेंद्र महतो, शिव प्रसाद महतो, लालू गोंझु आदि मौजूद थे।



चौड़ल के साथ नाचते लोग।

### टूसू मेला छोटा नागपुर की सांस्कृतिक धरोहरः साहू

अनगड़ा। प्रखंड के साल्हन गांव में 36वें भगत टुसू मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। मेला में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि टूसू मेला छोटानागपूर की सांस्कृतिक धरोहर है जिसे इस तरह के आयोजन से हीं संरक्षित रखा जा सकता है। मेला का मुख्य आकर्षण बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता और टुसू प्रदर्शनी थे। उत्कृष्ट टूसू प्रदर्शनी के लिए अनगड़ा चन्द्राटोली के सरीता देवीऔर प्रतिमा कुमारी पैका सियार बेड़ा सियार बेड़ा के प्रतिमा कुमारी को विशेष रूप से पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसने मेले को और खास बना दिया है। मेला में कृष्णा भगत का झांकी भी आकर्षण का केन्द्र था। मेले को सफल बनाने में कई गणमान्य लोगों ने योगदान दिया। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक रामकुमार पाहन और संयोजक डॉ रीझु नायक के नेतृत्व में यह आयोजन भव्य रहा। मेला में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन विरेन्द्र सिंह भोगता डॉ दिनेश कुमार हेसल मुखिया कविता देवी मुखिया दुर्गा पाहन प्रो. शान्ति नायक शिवलाल महतो रोशन मुण्डा नरेश साहु रामनाथ महतो रबानी राज राजेन्द्र महतो श्रवण चौधरी राजू प्रमाणिक रामसाय मुण्डा ज्योतिष महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

(आसपास की अन्य खबरें पेज 9 पर भी देखें)

# लकड़ी काटने के दौरान पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सहेदा गांव निवासी सुखराम भोगता पिता (32) सोमरा गंझू की मौत पेड़ से गिरकर मौत हो गई। घटना गुरुवार की शाम पांच बजे की है। बताया जाता है कि सुखराम भोगता सहेदा मोड़ के समीप एमके मोटल के पास जलावन के लिए लकड़ी काटने गया था। लकड़ी काटने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे जमीन पर गिर गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे इलाज के लिए रिम्स ले गए। लेकिन,सुखराम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिकिदिरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# ओरमांझी मे मिला बिहार के युवक का शव

▶▶ एक दिन पूर्व ही स्वजन खोजते थाना पहुंचे थें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के दड़दाग स्थित एक कुआं से ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा 49 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक का शव कुंआ में निर्वस्त्र हालत में थी। उसकी पहचान बेगुसराय बिहार निवासी सुनील कुमार शर्मा का बेटा नितेश कुमार के रूप में की गई है। शुक्रवार सुबह सात बजे



मृतक का फाइल फोटो।

के करीब दड़दाग स्थित खेत पर धंसा हुआ कुंआ में स्थानीय लोगों ने शव को देखा। जानाकरी होने पर मुखिया शिवनाथ मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव निर्वस्त्र हालत में थी। जिसे देखकर तीन-चार दिन पूर्व हत्याकर शव कुंआ में फेंक दिए जाने की आषंका जताई जा रही थी। कुंआ के पास ही एक बैग पड़ा था। उसमें मिले आधार कार्ड से ही उसकी पहचान की गई। पुलिस द्वारा पंचनमा कर शव को पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया गया। ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि बैंक में लॉन का पैसे जमा करने के नाम से नितेश कुमार 10 जनवरी को ही अपने घर से निकला था। जब वह घर नही लौटा तो, एक दिन पूर्व ही मृतक के स्वजन उसे ढुंढते हुए ओरमांझी थाना भी पहुंचे थें। पुलिस द्वारा मृतक के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। मामला दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवायी की जाएगी। इससे एक दिन पूर्व ओरमांझी थाना क्षेत्र के पनाह लॉज इरबा के एक कमरे से फांसी में लटका सिल्ली का युवक का शव बरामद हुआ था।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

70वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अब्दुल सब्बीर एवं विजय कच्छप द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–884/24 2. आवेदक–देवकुमार राम , पिता–स्व0 पिताम्बर राम<br>3. ग्राम–कामडारा, पोस्ट–कामडारा, थाना–कामडारा, प्रखण्ड–कामडारा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–885/24 2. आवेदक–कमल साहु , पिता–दसरू साहु<br>3. ग्राम–ईचागुटू, पोस्ट–कुरकुरा, थाना–कुरकुरा, प्रखण्ड–कामडारा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महेन्द्र उराँव एवं अजीत कु0 विश्वकर्मा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–886/24 2. नाम–साझो देवी , पति–सोमनाथ सिंह<br>3. ग्राम–जरजाटा, पोस्ट–रायडीह, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–887/24 2. नाम–छड़िया देवी , पति–स्व0 बुधु भगत<br>3. ग्राम–जरजाटा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–888/24 2. नाम–गोपाल सिंह , पिता –स्व0 रैग सिंह<br>3. ग्राम–जरजाटा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–889/24 2. नाम–रामेश्वर खड़िया , पिता –मंगता खड़िया<br>3. ग्राम–सलकाया, पोस्ट– सलकाया, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–890/24 2. नाम–मिखाईल एक्का , पिता –स्व0 मार्टिन एक्का<br>3. ग्राम–तुलमुगा डुमर टोली, पोस्ट– सुरसांग, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–891/24 2. नाम–चिन्तामणी देवी , पति–स्व0 गोपाल मुण्डा<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–892/24 2. नाम–पूनम बेक , पति–प्रीतम कुजूर<br>3. ग्राम– मांझाटोली, पोस्ट– मांझाटोली, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–893/24 2. नाम– प्रीतम कुजूर, पिता –रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम– मांझाटोली, पोस्ट– मांझाटोली, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–894/24 2. नाम–जानकी देवी , पति–चन्द्रमोहन सिंह<br>3. ग्राम– मसरीबेरा जरजहा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–895/24 2. नाम– मुनी देवी, पति –रामेश्वर खड़िया<br>3. ग्राम–सलकाया, पोस्ट– सलकाया, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–896/24 2. नाम–आशा देवी , पति–बैसाखू लोहरा<br>3. ग्राम– जरजहा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–897/24 2. नाम–मोहन राय सिंह , पिता –स्व0 भागीरथ सिंह<br>3. ग्राम– तेतर कोथा जरजहा, पोस्ट– रायडीह, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें पांव में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–898/24 2. नाम–चुनु घासी , पिता –हरिभजन घासी<br>3. ग्राम– जरजहा, पोस्ट– बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–899/24 2. नाम–ज्योति प्रकाश लकड़ा , पिता –स्व0 जसमन लकड़ा<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट– बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–900/24 2. नाम– चन्द्र मोहन सिंह , पिता –स्व0 हरखनाथ सिंह<br>3. ग्राम– मसरीबेड़ा, पोस्ट– बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–901/24 2. नाम–सुषमा मिंज , पति–स्व0 विजय मिंज<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–902/24 2. नाम–बिरसा खड़िया , पिता –स्व0 किरन खड़िया<br>3. ग्राम– सनजोरी जरजहा, पोस्ट– बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–903/24 2. नाम– सुदर्शन कुजूर, पिता –रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट– बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– पिछले पीठ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–904/24 2. नाम–शंति कुजूर , पति––रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–905/24 2. नाम– रवि बाबु सिंह , पिता –मोधो राम सिंह<br>3. ग्राम– मुरली बगीचा गुमला, पोस्ट– गुमला, थाना– गुमला ,प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–906/24 2. नाम–कुंज बिहारी लाल साहु, पिता –स्व धर्मजय लाल साहु<br>3. ग्राम–जवाहर नगर डी0 एस0 पी रोड गुमला, पोस्ट–गुमला,थाना–गुमला ,प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–907/24 2. नाम–शोभा सरोज लकड़ा , पति –ज्योति प्रकाश लकड़ा<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–908/24 2. नाम– रन्थु साहु , पिता –स्व0 दिलमोहन साहु<br>3. ग्राम– पोटरो पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई ,प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–909/24 2. नाम– प्रेम सागर साहु , पिता –स्व0 चन्द्रर साहु<br>3. ग्राम– पोटरो पोस्ट– समरौली थाना– सिसई ,प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–910/24 2. नाम–सरस्वती देवी , पति –स्व0 टीबरा साहु<br>3. ग्राम– अम्बोबा, पोस्ट–भरनो, थाना– भरनो,प्रखण्ड– भरनो<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें गाल में काला तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–911/24 2. नाम– विजय टोप्पो पिता – रिमिस टोप्पो<br>3. ग्राम– रेगोला, पोस्ट– सुरसांग, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–912/24 2. नाम–सुषमा टोप्पो , पति –विनोद टोप्पो<br>3. ग्राम– बिरकेरा, पोस्ट–बिरकेरा, थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0– 2. नाम–सुकरू टाना भगत, पिता–स्व0 सकरा टाना भगत<br>3. ग्राम–अटरिया, पोस्ट–फोरी, थाना– गुमला ,प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुनील कुमार भगत, महेश कुमार धान एवं अजीत कु0 विश्वकर्मा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–913/24 2. नाम–विजय कुमार भगत पिता–स्व0 पुथु भगत<br>3. ग्राम–डाढहा, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–914/24 2. नाम–मुनिता देवी , पति–लक्ष्मण साहु<br>3. ग्राम–रेड़वा , पोस्ट–मुर्गू , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–915/24 2. नाम–लक्ष्मण साहु , पिता–स्व0 जगरनाथ साहु<br>3. ग्राम–रेड़वा , पोस्ट–मुर्गू , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुजात टोप्पो के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–916/24 2. आवेदक–प्रदीप उराँव , पिता–स्व0 गन्दिरा उराँव<br>3. ग्राम–उपर खटगा, पोस्ट–काबाटोली ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष ,आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–917/24 2. आवेदक–रिमोन केरकेट्टा , पिता–इसाक केरकेट्टा<br>3. ग्राम–जादि जमगाई, पोस्ट–कांसिर ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष ,आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पर में कट मार्क का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–918/24 2. आवेदक–जयमान केरकेट्टा , पिता–इसाक केरकेट्टा<br>3. ग्राम–जादि जमगाई, पोस्ट–कांसिर ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष ,आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–919/24 2. आवेदक–सुखराम उराँव , पिता–स्व0 गन्दिरा उराँव<br>3. ग्राम–उपर खंटगाा कोबीटोली, पोस्ट– लुरू ,थाना– रायडीह ,प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–920/24 2. आवेदक–जगरानी मिंज , पिता–सुशिल केरकेट्टा<br>3. ग्राम–भीखमपुर, पोस्ट– भीखमपुर ,थाना– जारी ,प्रखण्ड– जारी<br>4. लिंग– महिला , आयु–42वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जितवाहन साहु एवं बैरागी उरांव के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–921/24 2. आवेदक–राजेन्द्र साहु , पिता–स्व0 जयगोविन्द साहु<br>3. ग्राम–सकरौली, डाड़हा, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–922/24 2. आवेदक–लक्ष्मी साहु , पिता–जितू साहु<br>3. ग्राम–नागफेनी, पोस्ट–नागफेनी, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–923/24 2. आवेदक–विष्णु साहु , पिता–जितू साहु<br>3. ग्राम–नागफेनी, पोस्ट–नागफेनी, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुठे में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–924/24 2. आवेदक–जितेश्वर उरांव , पिता–स्व0 विशुन उरांव<br>3. ग्राम–मुर्गू पतराटोली, पोस्ट–मुर्गू, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–925/24 2. आवेदक–शंकर पाहन , पिता–गखुल पाहन<br>3. ग्राम–मुर्गू , पोस्ट–मुर्गू, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–926/24 2. आवेदक–फागु उराँव , पिता–मौवला उराँव<br>3. ग्राम–अम्बोवा , पोस्ट–अम्बोवा, थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–927/24 2. आवेदक–दुष्यन्त कुमार साहु , पिता–शिवटहल साहु<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग , पोस्ट–कोड़ेदाग, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–928/24 2. नाम–नीलम देवी , पति –राजेन्द्र साहु<br>3. ग्राम– सकरौली, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–929/24 2. नाम–फ्लोरेंस देवी , पति –फागु उराँव<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग , पोस्ट–कोड़ेदाग, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–930/24 2. नाम–लालवती देवी , पति –दुष्यन्त कुमार साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा , पोस्ट–अम्बोवा, थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–978/24 2. नाम–मंगरी उराँव , पति –शनिचरवा उराँव<br>3. ग्राम–डाड़हा करजटोली , पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजीत कु0 विश्वकर्मा, बेरनार्ड टोप्पो एवं मनोज वर्मा के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–931/24 2. आवेदक–जनवरी उराँव , पति–स्व0 रामकिशुन उराँव<br>3. ग्राम–सिसई , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–932/24 2. आवेदक–फ्लोरेंस देवी , पति–फागु उराँव<br>3. ग्राम–कोडेदाग , पोस्ट–शिवनायपुर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के नीचे घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–933/24 2. आवेदक–रेखा देवी , पति–स्व0 काली चरण महली<br>3. ग्राम–भुरसो , पोस्ट–भुरसो , थाना–पुसो (सिसई) , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–934/24 2. आवेदक–फागु उराँव , पिता–भउला उराँव<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग , पोस्ट–शिवनायपुर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–935/24 2. आवेदक–ललिता उराँव , पति–बसन्त उराँव<br>3. ग्राम–बरगाँव सड़क टोली , पोस्ट–बरगाँव दक्षिणी , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तिल का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–936/24 2. आवेदक–बिश्वासी बेक , पति–अबतार बेक<br>3. ग्राम–सियांग , पोस्ट–शिवनायपुर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–937/24 2. आवेदक–बुधराम उराँव , पिता–भवला उराँव<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग , पोस्ट–शिवनायपुर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–4074/24 2. आवेदक–सुनिता तिर्की , पति–स्व0 एडवर्ड तिर्की<br>3. ग्राम–मानगढ , पोस्ट–लोंहडी , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाएं हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुनीत उराँव एवं नीलू देवी के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–938/24 2. आवेदक–सुकरा उराँव , पिता–स्व0 एता उराँव<br>3. ग्राम–गढवाली पोखरा टोली, पोस्ट–सिसई ,थाना– सिसई ,प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–939/24 2. आवेदक–गांगी उराईन पति–स्व0 जगदेव उराँव<br>3. ग्राम–सुपामहुवा टोली , पोस्ट–सूपापबेया थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–940/24 2. आवेदक–गन्दुरा मुण्डा, पिता–स्व0 हन्दु मुण्डा<br>3. ग्राम–भरनो बोडोटोली , पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिक का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–941/24 2. आवेदक–गोपाल उराँव , पिता–तुरिया उराँव<br>3. ग्राम–अराको सेमर टोली, पोस्ट–सिसई ,थाना– सिसई ,प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 344508 (Home) 24-25 (D) | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# श्रीलंका- चीन संबंध

चीनी प्रेसिडेंट श्रीलंका के दौर पर रहे। इस दौरे में चीनी रिसर्च जहाज को श्रीलंका इजाजत देना और बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) समेत कई अन्य मुद्दों पर बात होगी। इस बातचीत में हंबनटोटा के दक्षिणी बंदरगाह के आसपास के चीनी औद्योगिक क्षेत्र को। लेकर भी चर्चा होगी। इस मसले पर चीन के शीर्ष अधिकारी किन बोयोंग ने हाल में कहा था कि चीन की कंपनियां हंबनटोटा में बिजनेस शुरू करने का इंतजार कर रही है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके एक महीने में दूसरी बार चीन दौरे पर पहुंचे है। इस बैठक में दिसानायके का चीन के उच्च नेतृत्व से मिलने के साथ राजनीतिक शख्सियतों से भी मिलने का कार्यक्रम है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरे के जरिये चीन और श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों को और गहराई मिलेगी। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से दिसानायक की यह दूसरी विदेश यात्रा है। सबसे पहले उन्होंने भारत की यात्रा की थी। चीन के अपने दौरे के दौरान दिसानायक राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ दोनों देशों के आपसी हितों के संबंध में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे तथा चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग एवं चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरे में चीनी रिसर्च जहाज को इजाजत देना और बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) समेत कई अन्य मुद्दों पर बात होगी। इस बातचीत में हंबनटोटा के दक्षिणी बंदरगाह के आसपास के चीनी औद्योगिक क्षेत्र को। लेकर भी चर्चा होगी। इस मसले पर चीन के शीर्ष अधिकारी किन बोयोंग ने हाल में कहा था कि चीन की कंपनियां हंबनटोटा में बिजनेस शुरू करने का इंतजार कर रही है। एक महीने पहले दिसंबर में ही दिसानायके ने भारत का दौरा किया था भारत के खिलाफ उसकी नीतियां नहीं होगी।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

वृष : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

कर्क : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

सिंह :शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक: लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

धनु : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

मीन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले





-ललित गर्ग

> अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती।

**दुनिया** को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं।

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है। धरती पर मंडराते इसी संकट का प्रतीक है यह आग। बात बहुत ही सीधी सी है कि जब तक प्रकृति डराती नहीं विकास की राहें ऐसे ही बेतहाशा एवं अनियंत्रित आगे बढ़ती रहती हैं।

## लेटर टू एडिटर

### दलबदल पर अंकुश

**हिमाचल** प्रदेश में अब पार्टी बदलने वाले विधायकों को पेंशन नहीं मिलेगी। दल बदलने वालों पर शिकंजा कसते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने नया कानून बनाने का निर्णय लिया है। विधायकों की पेंशन बंद करने वाला हिमाचल पहला राज्य होगा। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा, जिससे इसे एक अच्छे और समझदार कानून की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह कदम बेहद जरूरी था,

**– मोहन सिंह, हजारीबाग**

### बाहर का खाना

**बढ़ती** व्यस्तताओं और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण लोग घर के पौष्टिक भोजन के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करके पैक्ड भोजन चुनने लगे हैं। यह भोजन जिन पैकेजिंग सामग्रियों से आता है, पैक्ड भोजन शुद्धता और पौष्टिकता में घर के भोजन का मुकाबला नहीं कर सकता। घर का बना भोजन ही सर्वोत्तम विकल्प है। **–रवि, रांची**

## ट्वीट

**सम्पूर्ण** विश्व भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक आभा, दिव्य जीवन मूल्यों, योग, आयुर्वेद, सूचना-संचार की अप्रतिम तकनीक और आर्थिक प्रगति से चकित है। भारत की सुदृढ़ लोकतान्त्रिक व्यवस्था और प्राच्य-आर्ष विद्या अर्थात अध्यात्म सम्पदा की स्वीकार्यता व अनुसरण का भाव नित्य गतिमान है।परोक्ष-अपरोक्ष रूप से भारत अब सम्पूर्ण विश्व को दिशा और दृष्टि प्रदान करने के लिए सक्षम है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'स्टार्टअप इंडिया' पहल ने देश की उद्यमशीलता को नए आयाम देते हुए युवाओं एवं मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाया है।

**– योगी आदित्यनाथ**

# देश की अर्थव्यवस्था के उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी

**रमेश चंदर चंद**

आर्थिक

**विकास** में कृषि की भूमिका संबंधी तमाम दस्तावेजों से स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में ढांचागत बदलाव मुख्य तौर पर अर्थव्यवस्था के उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी को दशार्ता है। साथ ही अर्थव्यवस्था के निम्न आय से मध्य एवं उच्च आय की ओर रुख करने के साथ ही इसकी रोजगार में हिस्सेदारी में गिरावट का भी पता चलता है। इसी आधार पर वृद्धि एवं विकास के लिए बनाई जा रही नीतियों में भी अब गैर कृषि क्षेत्रों, विशेषकर विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है।

इस विचार की जड़ ब्रिटिश अर्थशास्त्री आर्थर लुईस (1954) के काम में दिखती है। उन्होंने आर्थिक विकास का वर्णन वृद्धि की उस प्रक्रिया के तौर पर किया है जिसके तहत संसाधन कम उत्पादकता एवं पारंपरिक तकनीक वाले कृषि क्षेत्र से अधिक उत्पादकता वाले आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित होते हैं। यह सिद्धांत आर्थिक विकास में कृषि की काफी निष्क्रिय भूमिका बताता है, लेकिन औद्योगीकरण का समर्थन करने वाले कई विकासशील देश बड़े पैमाने पर अपने उद्योगों को सहारा देने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। हरित क्रांति के बाद विकास के लुईस मॉडल की कुछ धारणाओं का खंडन किया गया। पहले, हरित क्रांति से पता चला कि प्रौद्योगिकी कृषि को आधुनिक बनाने और उद्योग की कल्पना के अनुसार अधिशेष पैदा करने में महती भूमिका निभा सकती है। दूसरा, खेती में श्रम की असीमित आपूर्ति की धारणा भी अब मान्य नहीं रही है। इन बदलावों का कृषि अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में आर्थिक बदलाव के मॉडल पर असर पड़ता है।

हालिया अनुभव

विकासशील और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के मामले में बीते तीन से चार दशकों का अनुभव दशार्ता है कि कार्यबल को कृषि से स्थानांतरित करने की प्रक्रिया काफी धीमी है और ये सुचारु भी नहीं है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी कृषि की हिस्सेदारी में काफी तेजी से गिरावट देखी जा रही है जबकि रोजगार हिस्सेदारी में काफी कम गिरावट आई है।

यह आर्थिक बदलाव एवं विकास के विभिन्न चरणों में बड़ी संख्या में देशों के अनुभव से देखने को मिलता है। उदाहरण के तौर पर सन 1991 से 2021 के बीच तीन दशकों के दौरान प्रति व्यक्ति जीडीपी (साल 2015 में डॉलर में मापा गया) चीन में 10 गुना से ज्यादा, वियतनाम में 4.8 गुना, भारत में 3.4 गुना और इंडोनेशिया में 2.4 गुना बढ़ गया। मगर इससे कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों में श्रम उत्पादकता (प्रति श्रमिक सकल मूल्य वर्धित) पर असर नहीं पड़ा।

इन चार उभरते देशों में कृषि एवं गैर गैर कृषि के बीच प्रति कर्मचारी उत्पादकता अथवा आय में सबसे ज्यादा असमानता चीन में देखने को मिली, जहां बीते तीन दशकों में प्रति व्यक्ति आय और विनिर्माण उत्पादन में काफी ज्यादा वृद्धि दर्ज किया गया है। चीन में खेती करने वाला श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय का सिर्फ एक चौथाई ही कमा पाता है। भारत और वियतनाम में भी चीन जैसी ही स्थिति है, लेकिन इंडोनेशिया में कम असमानता है। इन अनुभवों से पता चलता है कि गैर कृषि अथवा तथाकथित आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में तेज वृद्धि से कृषि कार्यबल में कोई भारी बदलाव नहीं हुआ है। नतीजतन, रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी अर्थव्यवस्था के उत्पादन अथवा आय में इसकी हिस्सेदारी से बहुत ज्यादा रही। ये चीन में तीन गुना, भारत और वियतनाम में ढाई गुना तथा इंडोनेशिया में दोगुना से अधिक रही।

ढांचागत बदलाव के पारंपरिक मॉडल के कुछ अन्य विरोधाभास भी हैं। जैसे- पहला, दक्षिण अफ्रीका में प्रति व्यक्ति आय और विकास के काफी उच्च स्तर पर प्रति कामगार आय में सर्वाधिक असमानता भी दशार्ता है। वहां का एक कृषि श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय के दसवें हिस्से से भी कम कमाता है। दूसरा, कुल सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे कुछ देशों में और पूरे विश्व में हाल के समय में बढ़ी है।

इससे यह भी स्पष्ट होता है कि विनिर्माण और गैर कृषि गतिविधियों की ओर ढांचागत बदलाव सभी क्षेत्रों में उत्पादकता में व्यापक अंतर और कृषि में कम आय को पूरी तरह ठीक करते हैं। यह लुईस मॉल और इस मॉडल पर आधारित आर्थिक विकास के सिद्धांतों के ठीक उलट है। इसका बड़ा कारण विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से नौकरियां पैदा नहीं हो पा रही हैं।

# संभल मामले में योगी की नयी टिप्पणी से समाज में समरसता पर असर

**प्रकाश वत्स**

सामयिक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार चैनल के मंच से कहा है कि अगर धर्मग्रंथों और पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि संभल में कल्कि को समर्पित हरिहर मंदिर शाही जामा मस्जिद के निर्माण से पहले मौजूद था।

मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से चंडीगढ़ में भाजपा की चुनावी धांधली बेनकाबहर कदम संभल कर उठाया जाए

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार चैनल के मंच से कहा है कि अगर धर्मग्रंथों और पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि संभल में कल्कि को समर्पित हरिहर मंदिर शाही जामा मस्जिद के निर्माण से पहले मौजूद था, तो मुस्लिम समुदाय को इस मुगलकालीन मस्जिद को सम्मानजनक तरीके से हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, श्री योगी ने संभल की शाही जामा मस्जिद के संदर्भ में यह भी कहा कि किसी को 'किसी भी विवादित ढांचे' को मस्जिद के रूप में संदर्भित नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी की ये टिप्पणियां दिसंबर 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पृष्ठभूमि में आई हैं, जिसमें देश की अदालतों को अन्य धार्मिक स्थानों पर दावा करने वाले किसी भी नए मुकदमे को दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस बयान से ऐसा लगता है मानो योगी आदित्यनाथ अब अल्पसंख्यकों को सीधे-सीधे चेतावनी दे रहे हैं। हालांकि वे पहले भी उग्र हिंदुत्व के पक्ष में झुके हुए बयान दे चुके हैं और उनके बुलडोजर न्याय को भाजपा में इतना पसंद किया गया कि अनेक राज्यों में उसका अनुसरण किया गया। प्रसंगवश बता दें कि बुलडोजर न्याय पर भी सुप्रीम कोर्ट सख्त टिप्पणी कर चुका है। लेकिन बुलडोजर न्याय के बाद अब श्री योगी संभवतः यह भी तय करने लगे हैं कि मुसलमान किस ढांचे को मस्जिद मानें और किसे नहीं। मुख्यमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह के बयान देना न केवल संविधान की भावना के विपरीत है. बल्कि पद की गरिमा भी इससे घटती है, क्योंकि वे ऐसा कहकर एक समुदाय विशेष के साथ खड़े हो रहे हैं तथा दूसरे समुदाय के विरूद्ध बयान दे रहे हैं। हालांकि इस बारे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर निचले क्रम के कार्यकताओं का हाल एक जैसा ही है। प्रधानमंत्री पद हो, मुख्यमंत्री का पद हो या सांसद या विधायक, भाजपा की हिंदूवादी राजनीति हर ओहदे पर भारी पड़ जाती है।

मुख्यमंत्री योगी ने 'हर विवादित ढांचे को मस्जिद कहना ठीक नहीं है।' जैसा बयान देश भर में अनेक मंदिरों व मस्जिदों को लेकर हो रहे विवादों के परिप्रेक्ष्य में दिया है लेकिन इसमें हिन्दू-मुस्लिम दोनों के लिये स्पष्ट संदेश हैं। आगे वे कहते हैं कि 'जिस दिन उन्हें मस्जिद कहना बन्द कर दिया जायेगा, तो लोग उनमें जाना भी छोड़ देंगे।' उन्होंने अपने बयान को न्यायसंगत बतलाने के लिये दो-तीन तर्क दिये। पहला तो यह कि 'ऐसे स्थानों पर की जाने वाली इबादत को खुदा भी स्वीकार नहीं करेगा।' यानी वे कहना चाहते हैं कि किसी भी विवादग्रस्त ढांचे में नमाज पढ़ी भी जाये तो उसका कोई उपयोग नहीं है। आदित्यनाथ ने दूसरी जो बात कही वह अल्पसंख्यकों के मन में और भी खौफ पैदा कर सकती है। उन्होंने एक तरह से मस्जिदों की उपयोगिता और अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिये तथा यह भी बताया कि तमाम मस्जिदें निरर्थक हैं तथा ढांचे तो केवल सनातन धर्म यानी हिन्दुओं को ही चाहिये। उनका आशय यह था कि ढांचे के बिना भी मुसलमान उपासना कर सकते हैं। यानी मुस्लिम कहीं भी नमाज पढ़ सकते हैं जबकि हिन्दुओं को कोई स्ट्रक्चर अनिवार्यतः चाहिये ही होता है।

ध्यान से देखें तो यह बयान बहुत ही खतरनाक है तथा एक वर्ग विशेष में उन्माद की नयी लहर पैदा कर सकता है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी, उसके सहयोगी संगठनों तथा छिटपुट समूहों द्वारा देश भर में मंदिर-मस्जिद के विवाद खड़े किये जा रहे हैं। आये दिन किसी न किसी शहर की मस्जिद के सामने या भीतर उपद्रव हो रहे हैं या फिर कभी इस मस्जिद की खुदाई की मांग हो रही है तो कभी उस मस्जिद के भीतर हिन्दू देवी-देवता होने के दावे सामने आते हैं। इन सबके कारण अक्सर विवाद हिंसक रूप ले रहे हैं। योगी के अपने राज्य के संभल में इसी के चलते लगी आग अब तक पूरी तरह से ठंडी नहीं हो पायी है कि राज्य के मुखिया नये सिरे से उसी आग को भड़काने में लगे हैं। अब की यह आग उनके राज्य में सीमित न रहकर देश भर में फैल सकती है।

मुख्यमंत्री योगी ने 14 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ में मुसलमान दुकानदारों द्वारा दुकानें न लगाने देने की बात को एक तरह से यह कहकर स्वीकार कर लिया कि 'वहां कुछ लोग कुत्सित मानसिकता के साथ आते हैं। उनके साथ अन्य तरह का व्यवहार हो सकता है। ऐसे लोगों को आना ही क्यों चाहिये? जिनके मन में भारत व भारतीयता के प्रति आदर है वे ही यहां आएं।'

योगी जिस पद पर बैठे हैं उनका दायित्व सभी को सुरक्षा देना तथा संवैधानिक नियम-कानूनों का पालन करना-कराना है। इसके विपरीत यह बयान एक वर्ग को डराना तथा दूसरे वर्ग (कानून तोड़ने वालों) को भड़काना और उसे अपने संरक्षण की गारंटी देना है।संभल के बाबत भी उन्होंने दावा किया कि वहां हरि विष्णु मंदिर था जिसे तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई है। ऐसा दावा करते हुए योगी ने कहा कि अकबर द्वारा लिखित आइन-ए-अकबरी (वर्ष 1526) में इस बात का उल्लेख है तथा शास्त्रीय प्रमाण उपलब्ध हैं। एक मुख्यमंत्री द्वारा निर्णय तक पहुंचना कतई उचित नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह मामला न्यायाधीन है। उनके द्वारा ऐसा कहना एक समुदाय को सीधा समर्थन देने जैसा है।

## स्पीड न्यूज

### केज कल्चर परियोजना का निरीक्षण



रामगढ़। रामगढ़ जिले के परित्यक्त आरा कोल खदान में संचालित केज कल्चर परियोजना का निरीक्षण हिमाचल प्रदेश के निदेशक मत्स्यपालन विवेक चंदेल ने किया। उनके साथ सहायक निदेशक मत्स्यपालन रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी डॉ. अरूप चौधरी, मुख्य अनुदेशक डॉ. प्रशांत कुमार दीपक, मत्स्य कृषक शशि कुमार एवं उनके सहयोगी और अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे। यह परियोजना राज्य योजना और डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड के तहत संचालित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य परित्यक्त जलक्षेत्रों का उपयोग करके मछली उत्पादन बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। निदेशक ने केज कल्चर की प्रक्रिया, रखरखाव, संचालन, और मछलियों के विपणन (बिक्री) से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### रामगढ़ में फरार अपराधी गिरफ्तार



रामगढ़। बीएनएस के अपहरणकर्ता प्राथमिकी अभियुक्त तौसीफ जावेद, पिता जावेद इजहार, पता कल्लू चौक, थाना लोहसिंघना , जिला हजारीबाग को चतरा जिला स्थित शीला पिकेट चेकनाका पोस्ट से गिरफ्तार किया गया। यह अभियुक्त घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था । गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

### स्पेस लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या बढ़ी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर अवस्थित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति विद्यार्थियों की विश्वास इस कदर बढ़ा है कि मात्र डेढ माह में ही अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या 150 हो गई। बच्चों की बढ़ती संख्या से गदगद संस्था के निदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने कहा कि बच्चों की कामयाबी में सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्था को खोलने का उद्देश्य ही बच्चों के सफलता की उड़ान में पंख लगाना है। आशीष कुमार ने बताया कि लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए मैग्जीन, न्यूज पेपर, विभिन्न प्रकार के किताब, इंटरनेट आदि की सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के पढ़ाई से संबंधित हर जरूरतों का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर पठन-पाठन के लिए संस्था प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाते रहेगा। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है। कहा गया कि विद्यार्थियों की संतुष्टि ही हमारे संस्था उद्देश्य है। यहां पर अध्ययरत विद्यार्थी भी यह समझ चुके हैं कि जीवन में सफलता पानी हो तो सेफ्ट स्टडी जरूरी है।

### सुंदरनगर पंचायत में कंबल वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। बढ़ते ठंड को देखते हुए सुंदरनगर पंचायत में गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर अपर दर्जनों जरूरतमंद, असहाय व वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण करते हुए सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन्हें कंबल नहीं मिल पाया है उनके बीच भी जल्द से जल्द कंबल का वितरण कर ठंड से राहत पहुंचाई जाएगी। मौके पर पंचायत सचिव पूजा कुमारी, पंसस रोहित सोनी, वार्ड सदस्य आरती देवी, शबनम खान, शकुंतला देवी, हेलन मिंज ,सुनैना देवी, राहुल सोरेन आदि मौजूद थे।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को वरिष्ठ नागरिक मंच की 20वीं बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष बृजलाल सिन्हा और संचालन आरपी राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रविशंकर भट्टाचार्य और राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन संघ के रामगढ़ जिले के कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय उपस्थित थे। बैठक में मंच में और लोगों को जोड़ने और एकजुटता बनाये रखने पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र के सभी प्रदेशों में संचालित वरिष्ठ नागरिक संघ के उद्देश्य और वरिष्ठ नागरिकों के शक्ति और क्षमता से अवगत कराया गया। इस दौरान संगठन की मजबूती और वरिष्ठ नागरिक मंच का वर्षगांठ 18 फरवरी 2025 को मानने का निर्णय लिया गया। साथ ही महीने में दो बार बैठक करने पर सहमति जताई गई। मंच की अगली बैठक 30 जनवरी को पंचायत भवन भुरकुंडा में करने की बात कही गई। बताया गया कि अभी तक 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिक संघ से जुड़ चुके हैं। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं जैसे रेल किराए में पूर्व से मिलने वाले 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की छूट को पुनः लागू कराने, बैंक, थाना, हॉस्पिटल, कोर्ट, यात्राओं की सुविधा, पूजा स्थलों और उनके घरों की समस्याओं का निराकरण करना के लिए सार्थक कदम उठाने की बात कही गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा समाज के विकास में योगदान देने, गरीब बच्चो की शिक्षा, महिलाओं को सम्मान देने, जागरूकता फैलाने, गरीब और शिक्षित बच्चो को रोजगार के प्रति प्रेरित करने, नगरों के सौंदरीकरण के लिए कार्य करने की भी बात कही गई।

# जीवन है अनमोल, जागरूकता से ही होगी सुरक्षाः एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

- बगैर हेलमेट के चलने वाले बाइक वालों को दिया गया हेलमेट व गुलाब का फूल
- रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर



रामगढ़। सरकार द्वारा 1 से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष चौक के समीप जागरूकता सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविरि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा एवं संचालन डॉ संजय सिंह ने किया। अपने स्वागत भाषण में टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटना गढ़ गई है। जिससे कई लोगों की असयम मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सड़क दुर्घटनएं रूकें और लोगों की जान बचे। इसलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एसपी अजय कुमार ने कहा सड़क सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है लोग उसके साथ चलें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है इसलिए वाहन चलाते समय चार पहिया वाले सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन वाले हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। एसपी ने कहा कि आज जो जापान, जर्मनी, अमेरिका, इंगलैंउ जैसे देश विकास के शिखर पर पहुंचे हैं तो उसका कारण है उन देशों के नागरिक अपने सरकार द्वारा बनाये गये नियमों का सख्ती के साथ पालन करते हैं। इसलिए हमारे देश के नागरिकों को भी अपनी सोच को विकसित करने और सरकार द्वारा उनके हित में बनाये गए कानूनों और नियमों का पालन करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के हित में ही कानून और नियम बनाती है। जिनका पालन करना लोगों के लिए लाभदायक होता है। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रमों में हमने देखा है कि कई बाइकों पर एक परिवार के 4 लोग तक सवार होकर बगैर हेलमेट के चल रहे हैं। कहा कि इस प्रकार बाइक चलाने वाले स्वयं के साथ साथ अपने परिवार के लोगों की जान को भी जोखिम में डालने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि जनवरी में सड़क जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसलिए प्रशासन की ओर से वाहन चालकों को अभी समझाने और जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि जागरूकता अभियान समाप्त होने के बाद नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**यातायात नियमों का पालन समय की मांग है :** मनीषा वत्स ने कहा कि सड़क अभियान सरकार के निर्देश पर 1 से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है। कहा कि इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों के जीवन की रक्षा करना है।

कार्यक्रम में हजारीबाग क्षेत्रीय प्राधिकार के सचिव विजय कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, प्रसिद्ध समाज सेवी समाज सेवी अरूण कुमार सिन्हा, बीएफसीएल के मैनेजर राकेश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता मौजूद थे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

# विष्णुगढ़ में रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**अबुआ आवास के लिए दीपक दास ने महिला से मांगा था 11 हजार रुपये**

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव दीपक दास को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दीपक दास पर आरोप है कि वह अबुआ आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने के लिए लाभुक से घूस की मांग कर रहा था।

यह मामला ग्राम कारगालो, थाना विष्णुगढ़ का है, जहां चमेली देवी नामक महिला को अबुआ आवास योजना के तहत लाभ मिला था। उन्हें पहले ही दो किस्तों में 80,000 रुपये प्राप्त हो चुके थे, लेकिन तीसरी किस्त जारी करने के लिए पंचायत सचिव ने 11,000 रुपये की रिश्वत मांगी। दीपक दास ने धमकी दी थी कि जब तक घूस की रकम नहीं दी जाएगी, तब तक तीसरी किस्त जारी नहीं होगी। चमेली देवी ने घूस देने के बजाय साहसिक कदम उठाते हुए एसीबी को इसकी सूचना दी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने दीपक दास को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह वर्ष 2025 का पहला ट्रैप मामला है। गिरफ्तारी के बाद पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाल ही में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आदेश दिया था कि पंचायत सचिव अबुआ आवास के जियो टैग का कार्य करेंगे। इस घटना से पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी और भ्रष्टाचार के मामलों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए इस तरह की कार्रवाई को एक अहम कदम माना जा रहा है।

### कोनरा पंचायत भवन में ऋण शिविर आज

बरही। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को कोनरा पंचायत भवन में केसीसी ऋण चुकाओ और ऋण पाओ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वैसे किसान जो किसी कारण वश अपना केसीसी ऋण चुकता नहीं कर सके है और उनका एनपीए हो चुका है। वह इस शिविर का लाभ ले सकते है। शिविर में ऐसे किसानों को उनके बकाए राशि का 70 से 90 फीसदी रुपए तक की छूट दी जाएगी। उन्हे नया केसीसी ऋण मिलेगा। उन्होंने कहा यह शिविर अन्य सभी शिविरों से अलग और विशेष है। इस शिविर में क्षेत्रीय कार्यालय से कई बड़े अधिकारियों का भी आगमन हो रहा है, जो शिविर को और अत्यधिक महत्वपूर्ण बना रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में ऋण वसूली के साथ ही इच्छुक किसान को नया ऋण के लिए आवेदन कर सकते है। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो जायेगा, जो पूरे दिन रहेगा। शिविर सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी, बीसी और कर्मी पूरे लगन के साथ कार्य कर रहे हैं।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी : रत्नेश

**एस्पायर कोचिंग सेंटर में टेस्ट सीरीज शुरू , 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के बैच की क्लासेस**

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 छात्र-छत्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। टेस्ट में आरआरबी, एनटीपीसी और एसएससी जीडी परीक्षा के पैटर्न पर प्रश्न पूछे गए। इसके तहत आरआरबी एनटीपीसी का 100 प्रश्न और एसएससी जीडी से संबंधित 80 प्रश्न शामिल परीक्षा में शामिल किये गये थे। मौके पर संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि यह टेस्ट सीरीज विद्यार्थियों की सफलता में मिल का पत्थर साबित होगा। शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगन और कठिन परिश्रम से किया गया कार्य कभी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण का तैयारी करेंगे तो एक न एक दिन जरुर सफल होंगे। निदेशक श्री कुमार ने प्रतियोगिता छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही संस्था की पहचान है। संस्था के शिक्षकों ने बताया कि 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के नये बैच की क्लासेस शुरू होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक विद्यार्थी संस्था से संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं। टेस्ट परीक्षा को सफल बनाने में शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार, नीतीश मिश्रा, सचिन कुमार, विक्रांत कुमार, सुमित कुमार, राहुल कुमार आदि का योगदान रहा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च और सभा 20 जनवरी को

बरही। बरही हाउस में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की, जबकि संचालन का दायित्व कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने निभाया। बैठक में कांग्रेस नेता और पूर्व बरही विधानसभा प्रत्याशी अरुण साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर जोर देते हुए इसे बाबा साहब के योगदान को स्मरण करने और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को भामाशाह स्कूल से बाराटांड़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक एक भव्य सम्मान मार्च निकाला जाएगा। इसके उपरांत प्रतिमा स्थल पर एक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के साथ प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेता और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। अरुण साहू ने कहा कि यह सम्मान मार्च और सभा न केवल डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा के प्रति जनता को जागरूक करने का भी एक प्रयास होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियां साझा कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सभा मेंसामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से भी बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल दारू में खेलकूद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**खेलकूद से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास : जितेंद्र भूषण**



दारू। गुरुवार को ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू ने अपना 19वां स्थापना दिवस सह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता भव्य तरीके से मनाया। विद्यालय का उद्घाटन 16 जनवरी 2006 को ब्रज किशोर जायसवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता, फ्रॉग रेस, कलर रेस, चम्मच रेस, बैलून रेस, कुर्सी रेस, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, मैथ रेस, इंग्लिश प्रतियोगिता, और अन्य रोमांचक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और ऊर्जा से सबको प्रभावित किया। विद्यालय के निदेशक श्री बजरंग सहाय ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, यह जीवन निर्माण और भविष्य को उज्ज्वल बनाने का माध्यम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं, बल्कि बच्चों को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाना है। प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र भूषण ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क का विकास करता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक संतुलन और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण लाने का माध्यम भी है। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक बजरंग सहाय, प्रधानाचार्य जितेंद्र भूषण, मंजू सहाय, प्रकृति सिन्हा, यशोदा देवी, कुमारी कनक, प्रियंका कुमारी, रेखा देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दारू : 13 वर्षीय बच्ची की शादी पंचायत और प्रशासन की सतर्कता से रूकी



दारू। प्रखंड के तीज कबिलासी गांव में एक 13 वर्षीय बच्ची को कथित तौर पर शादी के लिए ले जाने का मामला सामने आया है। बच्ची के परिजन, जिनमें उसकी मां गुड़िया देवी, मौसी कांति देवी और अंजलि देवी शामिल थीं, उसे गाड़ी में लेकर जा रहे थे। गांव के लोगों को किसी माध्यम से यह जानकारी मिली कि बच्ची को बेचने की नीयत से बाहर ले जाया जा रहा है। इस सूचना को ग्रामीणों ने तुरंत पंचायत सचिव महेंद्र यादव तक पहुंचाया। सचिव ने सक्रियता दिखाते हुए जिला कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कंट्रोल रूम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दारू बीडीओ को सूचित किया। बीडीओ ने गांव के लोगों से जानकारी जुटाई। इस बीच, बच्ची के परिजन उसे गाड़ी में लेकर गांव से निकल चुके थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनकी गाड़ी का पीछा किया गया और बरही में उन्हें रोका गया। जांच के दौरान, बच्ची की मां गुड़िया देवी ने बताया कि वे चौपारण जा रहे थे, जहां हरैया गांव के सूरज कुमार से बच्ची की शादी तय की गई थी। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि बच्ची को बेचने का प्रयास किया जा रहा था। परिजनों को हजारीबाग कंट्रोल रूम लाया गया, जहां उन्हें स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल विवाह कानून के तहत यह अवैध है। परिजनों से एक बांड पर लिखवाया गया कि बच्ची की उम्र पूरी होने तक वे उसका विवाह नहीं करेंगे और उसकी देखभाल अच्छी तरह करेंगे। इस मामले को सुलझाने में पंचायत सचिव महेंद्र यादव, बबल सिंह, मुखिया पति राजेश प्रसाद और ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही। उनकी सतर्कता और तत्परता से एक गंभीर घटना को टाला गया और बच्ची के भविष्य को सुरक्षित रखा गया। यह घटना बाल विवाह और बाल अधिकारों को लेकर जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने का संदेश देती है।

### मेला में पशुधन योजना की दी गयी जानकारी



हजारीबाग। जिले में पशुपालकों, किसानों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से पशु मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला गव्य विकास पदाधिकारी, डॉ. न्यूटन तिर्की ने राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण महिला पशुपालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। योजना के तहत पात्र महिला पशुपालकों को दो दुधारू गाय प्रदान की जाती हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं ग्राम सभा या ब्लॉक समिति के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। जिन आवेदकों का चयन जिला समिति द्वारा किया गया है, उन्हें आज दुधारू गायें वितरित की गईं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करना, दूध उत्पादन में सुधार लाना और गुणवत्तापूर्ण पशुधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सरकार का यह प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बोधीबागी में शहीद मेला 26 जनवरी से

बरकट्ठा । इचाक प्रखंड के बोधीबागी, कुरहा मैदान में 15 दिवसीय शहीद मेला आ आयोजन 26 जनवरी से 11 फरवरी तक लगेगा। शहीद मेला पहली बार आयोजन किया जा रहा है। उक्त अश्य की जानकारी मेला संयोजक और बरकट्ठा विस के प्रत्याशी रह चुके बटेश्वर प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष मधुसूदन मेहता, लक्ष्मण किशोर ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शहीद मेला कारगिल शहीद रघुवीर मेहता, शहीद राजेश मिंज और 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में भगवान बिरसा, सिद्धू कान्हू, चांद भैरव समेत 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी की तस्वीर लगाई जाएगी। यह मेला दुकानदारों, खेल तमाशा वालों के लिए निशुल्क होगा। वहीं मेले में एनटीपीसी, जेएसपीएल, बिजली विभाग, कृषि विभाग के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बटेश्वर मेहता ने बताया कि मेले का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने, लोंगो में देश प्रेम की भावना को गांव गांव तक पहुंचाने का है। उन्होंने बताया कि मेले का आजीवन सदस्य के रूप में बरकट्ठा से अनिल कुमार आजाद, केदार साव, जॉन पीटर को बनाया गया है।

### बरही में पहली बार एसी बस शुरू

बरही। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल ने क्षेत्र में पहली बार एसी बस सेवा शुरू की है। इस नई पहल का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने किया। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। बस में अत्याधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है, जिनमें एसी, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा और प्राथमिक चिकित्सा किट शामिल हैं। इसके साथ ही, प्रशिक्षित चालक और सहायक स्टाफ की नियुक्ति भी की गई है। इस नई सुविधा से छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल है। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि उन्हें समय पर स्कूल पहुंचाने में भी मदद करेगी। शुभारंभ के अवसर पर प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा और सुविधा है। यह नई एसी बस सुविधा छात्रों की यात्रा को न केवल आरामदायक बनाएगी बल्कि उनकी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगी।

### सिविल सर्जन से मिले टाटीझरिया प्रमुख



टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल गुरूवार को हजारीबाग सिविल सर्जन से मुलाकात कर टाटीझरिया में एंबुलेंस सेवा बहाल करने की मांग किया है। मंडल ने बताया कि टाटीझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच महीने से एंबुलेंस नहीं है। वही उन्होंने यह भी कहा कि श्रावण माह में टाटीझरिया का एंबुलेंस देवघर भेज दिया गया था। इस दौरान टाटीझरिया में कई जानलेवा दुर्घटनाएं हुई। जिसमें घायल और परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिविल सर्जन ने प्रमुख संतोष मंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही एंबुलेंस सेवा बहाल कर दी जाएगी।

### मुरपा में जेवरात और नगद चोरी



कुजू। ओपी क्षेत्र के मुरपा में गुरुवार रात चोरों ने दो आवास में चोरी की। हालांकि एक आवास से चोरी करने में असफल रहे। भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि रात एक बजे जब हमलोग सपरिवार घर में सो रहे थे। इसी बीच सभी कमरों के दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया गया।अन्य कमरों का ताला तोड़कर अलमीरा में रखे महिला समिति के 5000, सोने की अंगुठी, लॉकेट, चंद्रमा, पायल, कान का झुमका आदि की चोरी की। इधर चोरों ने पास के ही राजेंद्र ठाकुर के आवास में भी घुसे। लेकिन घर के लोग सोये नहीं होने से खाली हाथ ही लौट गये। मामले को लेकर राजेंद्र ठाकुर ने भी कुजू ओपी में आवेदन दिया।

# आस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया पर बच्चों को पूरी पाबंदी



प्रशांत झा

**दावा** है कि दुनिया में ऑस्ट्रेलिया पहला ऐसा देश है, जहां बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगी है। उद्देश्य बच्चों को सोशल मीडिया के नुकसान से बचाना है जोकि आज एक वैश्विक समस्या है। ऐसी पाबंदियों का समर्थन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा है कि बच्चे अनिवार्य रूप से अपना बचपन जिएं और उनके माता-पिता को मन की शांति मिले। उल्लेखनीय है , मौजूदा यूजर और माता-पिता चाहें या ना चाहें, कानून के तहत बनने वाला ढांचा (फ्रेमवर्क) सभी पर अनिवार्यतः लागू होगा। नियमों के पालन की जिम्मेदारी सोशल मीडिया और टेक कंपनियों की होगी और कायदे नहीं मानने पर करोड़ों का जुमार्ना उन पर लगेगा। जहां तक छूट की बात है तो उन मैसेजिंग सेवाओं और गेमिंग साइट्स पर पाबंदी नहीं होगी, जो बच्चों के लिए उपयोगी कंटेंट बनाती हैं और जिन्हें यूट्यूब के बिना इस्तेमाल यानी एक्सेस किया जा सकता है।

### पाबंदी से उभरे सवाल

ऊपरी तौर पर लगता है कि यह ऑस्ट्रेलियाई पहल मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। सोशल मीडिया ने कुछ उपयोगी देने के मुकाबले नई पीढ़ी का जितना नुकसान किया है, उसे देखते हुए दुनिया भर में उस पर प्रतिबंध लगा देने चाहिए। पर यहां कई बड़े सवाल है, जिन पर ऐसी पाबंदियां लगाने से पहले विचार करना जरूरी है। जैसे, सरकारें और नियामक संस्थाएं यह कैसे तय करेंगी कि तेजी से बदलते आज के माहौल में इंटरनेट का कौन-सा मंच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है और कौन-सा नहीं। साथ ही, कोरोना वाले दौर को याद करने से लगता है कि अगर सोशल मीडिया को बैन कर दिया, तो पढ़ाई, कामकाज, ईकॉमर्स वेबसाइटों के जरिए खरीदारी से लेकर मनोरंजन तक की जो सहूलियतें घर बैठे दुनिया को मिल रही हैं, उनका क्या होगा। स्कूल-कॉलेजों में अध्यापक गृहकार्य और परीक्षा संबंधित परियोजनाओं की सूचना छात्रों को सोशल मीडिया के जरिए देते हैं। शायद इसी वजह से टेक कंपनियों के हितों को देखने वाले एक ऑस्ट्रेलियाई समूह ने पाबंदियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के बरक्स 20वीं सदी की प्रतिक्रिया ठहराया है। यह आशंका भी जताई जा रही कि चुनींदा सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध की स्थिति में बच्चे इंटरनेट के खतरनाक और अनियमित हिस्सों की ओर धकेले जा सकते हैं, जो और भी बड़ी चुनौती है। पाबंदियों के विरोध का सबसे तार्किक पक्ष यह कि इंटरनेट आज ऐसा समुद्र बन गया है जिसमें उसके उपयोगी पहलुओं को तय करना और सबसे खराब पक्ष को प्रतिबंधित करना मुश्किल हो गया है। इसलिए समुद्र के पानी को बाड़ लगाकर नहीं रोकते, बल्कि स्वीमिंग पूल, तैराकी संबंधी सुरक्षा उपकरणों की मदद से बच्चों को कुशल तैराकी का हुनर सिखाते हैं।

### सार्वभौमिक चिंताएं

उल्लेखनीय है, बीते मई 2024 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों पर लगाम लगाने के मकसद से ऐलान किया था कि वहां सोशल मीडियों प्लेटफॉर्म्स के प्रभाव की जांच की जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने खास तौर से चिंता प्रकट की थी कि कि आज सोशल मीडिया की पहुंच और असर बहुत ज्यादा है। सोशल मीडिया कंपनियां यह फैसला करने की भूमिका में आ गई हैं कि लोग क्या देखें, क्या सोचें या क्या खरीदें। मामला सिर्फ ऑस्ट्रेलिया का नहीं है, बल्कि इसे भारत के संदर्भ में और अमेरिका-चीन आदि देशों में प्रतिबंधों के सुझावों के आधार पर देखे जाने की जरूरत है। खासतौर से इसलिए क्योंकि इस वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले मार्च में भारत की केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार का जो रोडमैप पेश किया था, उसमें भी सोशल मीडिया मंचों के सतर्क इस्तेमाल और डीपफेक के मामलों में सावधानी बरतने को कहा गया था। ऐसे दौर में, जब टेक कंपनियां हर वक्त बच्चों को अपने साथ बांधे रखना चाहती हैं, यह सवाल महत्वपूर्ण है कि बच्चों को इन तकनीकी कठिनाइयों से निपटने में सक्षम बनाने की कोशिश करनी चाहिए या उन्हें इनसे अलग-थलग कर देना चाहिए।

### रिश्तों में बिगाड़ की यूं आई नौबत

इसमें तो संदेह नहीं कि फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सऐप, स्नैपचैट और इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को अपनी बात खुलकर कहने का अवसर दिया है। इस लिहाज से सोशल मीडिया ने नागरिकों को एक व्यक्ति के तौर पर अधिक सशक्त बनाया है। यह इसी रूप में सीमित रहता तो संकट न आता। समस्या तब पैदा हुई जब सोशल मीडिया कंपनियों ने यह फैसला अपने हाथ में ले लिया कि लोग ऑनलाइन क्या देखें और क्या नहीं। ऑस्ट्रेलिया में इन कंपनियों से जो तनातनी बढ़ी, उसका एक संदर्भ इस साल चर्चा में आए हिंसक वीडियो से जुड़ता है। इस वीडियो को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट- एक्स से हटाने को लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार और एक्स के बीच तीखी नोकझोंक हुई । पादरियों पर किशोर द्वारा चाकू से हमले की घटना का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा था कि घरेलू हिंसा से लेकर युवाओं में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने संबंधी कंटेंट के प्रसार में अक्सर सोशल मीडिया कंपनियों की भूमिका दिखाई देती है। हो सकता है डिजिटल मंचों के कुछ सकारात्मक प्रभाव भी हों, लेकिन इनकी ज्यादातर भूमिका नकारात्मक ही रहती है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार के आग्रह को ठुकराते हुए एक्स के मालिक एलन मस्क ने उस वीडियो को एक्स से हटाने से मना कर दिया था। बाद में जब अदालत ने ऐसा करने का आदेश दिया, तो भी उसे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के सर्वर से हटाया गया, शेष दुनिया के लिए वह वीडियो उपलब्ध रहा।

### चिंता और चिंतन में कंपनियों की आजादी

निश्चय ही, ज्यादा महत्वपूर्ण मसला सोशल मीडिया कंपनियों के व्यवहार और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं का है। इसे लेकर यूरोप, अमेरिका और भारत समेत कई एशियाई देशों में विचार विमर्श चल रहा है कि सोशल मीडिया कंपनियों को आखिर कितनी आजादी दी जाए। साथ ही, अगर ये कंपनियां मनमानी करती हैं, तो इन पर कैसे और क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। ऐसे में कुछ माह पहले अमेरिका में टिकटॉक को चेतावनी जारी की गई थी, जिसे भारत में पहले ही बैन किया जा चुका है। उधर यूरोप में फेसबुक और गूगल पर कई मामलों में जुमार्ने लगाए गए। इन कंपनियों पर ये कार्रवाइयां सामाजिक जवाबदेही के संबंध में की गई हैं, न कि आर्थिक या वित्तीय नियमों के उल्लंघन में। इसका अर्थ यह है कि जिस तरह से ये कंपनियां आम लोगों के व्यवहार को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही हैं, उस यूरोप और अमेरिका तक में इसे एक गलत परंपरा माना जा रहा है जहां अभिव्यक्ति की सर्वाधिक आजादी हासिल होने का दावा किया जाता है।


इस पूरे प्रसंग में सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) स्थित न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में सोशल मीडिया कंपनियों की सामाजिक जवाबदेही से संबंधित शोध का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा। इस शोध में डॉ. कॉनर क्लून ने सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही पर एक अध्ययन किया। शोध के निष्कर्ष में डॉ. कॉनर ने लिखा कि इन कंपनियों के एल्गोरिद्म इस मामले में बेहतर हो रहे हैं कि कैसे उनके मंचों पर मौजूद लोगों के कंटेंट को नियंत्रित किया जाए। इसका इस्तेमाल ये कंपनियां कंटेंट को अपनी नीतियों के पक्ष और फायदे में नियंत्रित करने में कर सकती हैं। यानी ये कंपनियां किसी खास उत्पाद, नीति, विचारधारा का प्रचार-प्रसार नियंत्रित कर सकती हैं। चाहें तो उन सामग्रियों की पहुंच सीमित कर सकती हैं, जिसे ये पसंद नहीं करतीं, जिस चीज का प्रचार करना चाहें, आम लोगों के कंटेंट के जरिए आसानी से कर सकती हैं। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। अमेरिका के कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क समेत 33 राज्यों में इंस्टाग्राम और फेसबुक संचालित करने वाली कंपनी-मेटा पर दर्ज मुकदमों में आरोप लगाया गया था कि इन सोशल मीडिया मंचों से छोटे बच्चों और किशोरों को नशे की लत के लिए उकसाया गया है। साथ ही, इन पर उपलब्ध कंटेंट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाला है। दर्ज मुकदमों के अनुसार, ये कंपनियां बच्चों और किशोरों को लुभाने के लिए ताकतवर तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है। इनकी वजह से बच्चों में बॉडी डिस्मॉर्फिक डिसऑर्डर नामक मानसिक बीमारी पैदा हो गई है। इस बीमारी के प्रभाव में आकर बच्चे-किशोर अपने भीतर किसी शारीरिक कमी का अनुभव करते हैं और खुद को वास्तविक समाज से दूर कर लेते हैं।

# आस्था के महाकुंभ में अहम हैं 'कल्पवासी', जानिये क्या है 'कल्पवास'

**पवित्र** त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुम्भ को दिव्य-भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। आयोजन को लेकर देश-विदेश के लोगों में उत्साह और जिज्ञासा है ।हर कोई खुद को इस पल का साक्षी बनाना चाहता है ।इन सबके बीच आस्था के इस महाकुम्भ की जो सबसे अहम कड़ी है वह है यहां आने वाले 'कल्पवासी'। प्रति वर्ष की तरह इस बार भी माघ महीने में कल्पवासियों की आस्था से यह महाकुम्भ दिव्य होने वाला है।

पौष पूर्णिमा से शुरू होने वाले कल्पवास में अभी से कल्पवासियों का आना शुरू हो गया है,इसकी तैयारियां हो रहीं है।'

रायबरेली से आये दिनेश पांडे कई वर्षों से कल्पवास कर रहे हैं,दिनेश पांडे का कहना है कि उन सबके लिए कल्पवास अलौकिक अनुभव देने वाला होता है ।अम्बुज व रविकांत कहते हैं कड़ाके की ठंड और सुविधाओं का टोटा इसमें कोई मायने नहीं रखता है ।कहते हैं कि इन बार की व्यवस्था वाकई दिव्य है,सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रहीं है ।अपने टेंट की व्यवस्था बनाने में जुटे कल्पवासियों का कहना है कि भीड़ होने के चलते वह लोग कल्पवास शुरू होने के छह दिन पहले ही आ गए है ।हालांकि इन सबके बीच महंगाई कल्पवासियों को जरूर परेशान जरूर कर रही है,लेकिन आस्था के आगे इन्हें महंगाई की कोई चिंता नहीं है। प्रतापगढ़ से आये उमाकांत,रामलखन मिश्र का कहना है कि सामान्य कुटिया का रेट सात हजार पहुंच गया है। गोल वाला टेंट पहले सात-आठ हजार



में मिल जाता था, अब 15 हजार का है।

उल्लेखनीय है कि कल्पवासियों के टेंट की व्यवस्था मेला प्रशासन नहीं करता। टेंट कुछ संस्थाएं बनाती हैं, जिन्हें मेला प्रशासन मामूली दर पर जमीन उपलब्ध कराता है। यहीं पर संस्थाएं अपने कल्पवासियों के शिविर लगवाती हैं। प्रयागराज के ओमप्रकाश के अनुसार टेंट से लेकर जरूरत की सारी सुविधाओं के दाम 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा दिए गए हैं। मगर, उनका उत्साह कम नहीं पड़ा है। कल्पवासी तीर्थ पुरोहितों के ही शिविरों में प्रवास करते हैं। प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष शिव शर्मा कहते हैं जो टेंट ढाई हजार में मिलते थे, वह चार हजार रुपये के मिल रहे हैं। इसी कारण शिविर महंगे हो गए हैं।

### जानिए क्या है कल्पवास

संगम की रेती पर माघ के पूरे महीने निवास कर पुण्य फल प्राप्त करने की साधना को ही कल्पवास कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, कल्पवास की न्यूनतम अवधि एक रात्रि हो सकती है। तीन रात्रि, तीन महीना, छह महीना, छह वर्ष, 12 वर्ष या जीवनभर भी कल्पवास किया जा सकता है। मान्यता है कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश होने के साथ एक मास के कल्पवास से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। जन्म जन्मांतर के बंधनों से भी मुक्ति मिलती है। पुराणों के अनुसार, एक कल्पवास का फल उतना ही है, जितना सौ साल तक बिना अन्न ग्रहण किए तपस्या करने का। महाकुंभ में लाखों साधु-संतों के साथ आम लोग भी कल्पवास करते हैं। कल्पवास पौष पूर्णिमा स्नान के साथ 13 जनवरी से शुरू होकर एक माह बाद माघी पूर्णिमा तक चलेगा।

कल्पवास की दिनचर्या बेहद कठिन होती है इसमें श्रद्धालु एक बार भोजन करते हैं और तीन बार स्नान। सुबह गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना से दिनचर्या शुरू होती है। शास्त्रों के अनुसार, कल्पवासी को दिन में तीन बार (भोर में, दोपहर और शाम ) गंगा स्नान करना चाहिए। एक बार भोजन और एक बार फलाहार लेना चाहिए। खाने-पीने में अरहर की दाल, लहसुन और प्याज जैसी चीजें वर्जित हैं।

# चुनावी शुचिता पर भ्रामक और गलत सवालों के तार्किक जवाब

विकास सक्सेना

**दिल्ली** विधानसभा के चुनावों की तारीखों के ऐलान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यूँ तो चुनाव कार्यक्रम की जानकारी चंद मिनटों में देकर इस बातचीत को समाप्त किया जा सकता था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए उन तमाम सवालों का विस्तार से तार्किक जवाब देने की कोशिश की जिनके माध्यम से देश की चुनाव प्रक्रिया में खोट निकालने के प्रयास कुछ राजनैतिक दलों और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा किए जा रहे हैं। अपने शायराना अंदाज में मुख्य चुनाव आयुक्त ने परोक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया पर बेजा सवाल उठाने वालों पर निशाना तो साधा ही, यह भी कहा कि देश में जीवंत लोकतंत्र है इसलिए सभी को सवाल पूछने की पूरी आजादी है और हमारा दायित्व है कि हर सवाल का जवाब लोगों को दिया जाए।

पिछले कई चुनावों का एक सामान्य चलन हो गया है कि जब भी चुनाव के नतीजे गैर भाजपा दलों के पक्ष में नहीं आते, तब वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम के सिर फोड़ते हैं। लगातार मतदाताओं द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ राजनैतिक दल तो अब चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ईवीएम का रोना, रोना शुरू कर देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद तो ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर इन विपक्षी दलों के हमले और तीखे हो गए हैं। अब तक ईवीएम में खामी बताकर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने वाले राजनैतिक दलों ने तो इस बार पूरी चुनाव प्रक्रिया को ही दूषित बताते हुए देश के मतदाताओं में भ्रम डालने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाता सूचियों से बड़ी तादाद में नाम काटने या नाम जोड़ने, मतदान बंद होने के बाद मत प्रतिशत बढ़ने और ईवीएम हैकिंग को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए उसने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पूरे तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया।

संभवतया मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर आखिरी बार पत्रकारों से बातचीत करने के लिए आए राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के अवसर पर इन तमाम सवालों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया और पत्रकारों को पूरी प्रक्रिया बताई। चुनाव को लेकर हाल फिलहाल सबसे गंभीर सवाल मतदाता सूचियों से किसी दल विशेष के समर्थकों के नाम काटने और किसी दल विशेष से समर्थकों के नाम जोड़ने को लेकर उठ रहे हैं। इसको लेकर सीईसी राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य करता है। इसकी सूचना प्रत्येक राजनैतिक दल को दी जाती है। प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाता है। किसी भी मतदाता का नाम काटने या नाम बढ़ाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है जिसका पालन किया जाता है। राजनैतिक दल इन बूथों पर अपने अभिकर्ता बना सकते हैं। इसके अलावा इस सबकी सूचना सभी राजनैतिक दलों को नियमित रूप से दी जाती है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग 50 हजार वोट काटे जाने के आरोप लगा रहे हैं, एक साथ किसी क्षेत्र में इतने वोट कम होना अव्यवहारिक है। उन्होंने मतदाता सूचियों में हेरफेर का आरोप लगाने वालों से अपील की कि यदि अगर उन्हें लगता है कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो उसकी स्पष्ट शिकायत करें, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। यूं ही आरोप लगाना ठीक नहीं है।

मत प्रतिशत में हेरफेर की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने साफ किया मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रत्येक मतदेय स्थल पर पीठसीन अधिकारी वहां मौजूद सभी पोलिंग एजेण्ट को मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की एक प्रति उपलब्ध कराते हैं। इसमें ईवीएम में पड़े वोट आदि का पूरा विवरण होता है। मतगणना के दिन प्रत्याशी फार्म 17ग साथ लेकर आते हैं और इनका मिलान करने के बाद ही ईवीएम से वोटों क गिनती की जाती है। फार्म 17ग और ईवीएम में दर्ज वोटों में किसी भी प्रकार का अन्तर होने पर उस मशीन की गणना नहीं की जाती है। ईवीएम की हैकिंग को लेकर उन्होंने साफ किया कि न्यायालय ने भी मान लिया है कि ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता है।

अगले महीने 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले अपनी आखिरी पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की शुचिता को लेकर उठाए जा रहे सवालों के काफी तार्किक तरीके से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में देश के 30 राज्यों में विधानसभा चुनाव करवाए हैं। इन चुनावों में 15 अलग-अलग दलों ने सर्वाधिक सीटें हासिल की हैं। लेकिन इसके बाद भी इस बात की उम्मीद कम ही है कि राजनैतिक दल ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने बंद कर देंगे। क्योंकि जितनी बातें सीईसी राजीव कुमार ने बताई हैं कमोबेश उन सबसे राजनेता भली-भांति परिचित हैं। वे तो अपनी नेतृत्व क्षमता पर उठने वाले सवालों को दबाने के लिए अपनी नाकामी का ठीकरा ईवीएम और चुनाव आयोग के सिर फोड़ते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## देश में लगभग साढ़े दस लाख मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) होते हैं

**लोकसभा** चुनाव के बाद एक खबर काफी चर्चा में रही जिसमें दावा किया जा रहा था कि जिन वोटों की गिनती हुई है उनकी संख्या ईवीएम में डाले गए कुल वोटों से तकरीबन पांच लाख अधिक है। इस समाचार के सामने आते ही लोगों में तरह-तरह की चचाएँ होने लगी थीं। इस समाचार का जिक्र करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जैसे ही यह समाचार उनके संज्ञान में आया तो अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया कि ईवीएम के अलावा बहुत से लोग डाक मतपत्रों के जरिए भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह अन्तर पोस्टल बैलेट को न जोड़ने के कारण आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद संबंधित पोर्टल से उस समाचार को हटा दिया गया लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं की गई इस कारण जो नुकसान होना था वह तो हो गया।

मतदान की समाप्ति के



कुछ घण्टों बाद मत प्रतिशत में पांच से आठ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को लेकर उठे सवालों का भी उन्होंने बड़े ही तार्किक ढंग से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि देश में लगभग साढ़े दस लाख मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) होते हैं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर कम से कम चार मतदान कर्मी नियुक्त किए जाते हैं। इस तरह मतदान प्रक्रिया में 45 से 50 लाख कर्मचारी लगे होते हैं। ये मतदान कर्मी अलग अलग विभागों के होते हैं और सामान्य तौर पर एक दूसरे से अपरिचित होते हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रभावित कर पाना असंभव है। जहां तक मतदान समाप्त होने के बाद मत प्रतिशत में बढ़ोतरी का सवाल है तो मतदान समाप्ति के समय पोलिंग बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी अत्यंत व्यस्त होते हैं। उन्हें ईवीएम, बैलेट यूनिट, बैटरी आदि को सील करना होता है और साथ ही बूथ पर मौजूद विभिन्न प्रत्याशियों के अभिकताओं को फार्म 17ग देना होता है जिसमें उस बूथ पर पड़े वोटों का पूरा लेखा-जोखा होता है। उन्होंने कहा कि अत्यंत व्यस्तता के चलते बहुत से पीठासीन अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट तत्काल पूरे आंकड़े नहीं दे पाते। लेकिन जब मतदान कर्मियों का दल मशीनों को जमा करने संग्रह केंद्र पहुंचता है तो वह ईवीएम के साथ मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की प्रति भी देता है। इनके आधार पर रात तक सारे आंकड़े सभी राजनैतिक दलों के साथ साझा करते हुए वेब साइट पर अपलोड किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत से पोलिंग बूथ दूरदराज के क्षेत्रों में होते हैं इसलिए उनके आंकड़े मिलने में देरी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान प्रक्रिया के समाप्त होते ही साढ़े दस लाख पोलिंग बूथों से आंकड़े जमा करके उसकी सटीक सूचना तुरन्त दे पाना असंभव है।

# आत्महत्याओं का कलंक देश से मिटाना ही होगा

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत** में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं होती रहती है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में हर चार मिनट में एक आत्महत्या होती है। शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या सभ्य समाज के माथे पर कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है।

आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि परिवारों ने आर्थिक कारणों से सामूहिक आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक-युवतियां आत्महत्या कर जीवन लीला

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि भारत में आत्महत्या की दर विश्व आत्महत्या दर के मुकाबले बढ़ी है। भारत में पिछले दो दशकों की आत्महत्या दर में एक लाख लोगों पर 2.5 फीसद की वृद्धि हुई है। आज भारत में 37.8 फीसद आत्महत्या करने वाले लोग 30 वर्ष से भी कम उम्र के हैं। दूसरी ओर 44 वर्ष तक के लोगों में आत्महत्या की दर 71 फीसद तक बढ़ी है। 2018 में पारित हुए मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत भारत में आत्महत्या के अपराधीकरण का कानून खत्म करते हुए मानसिक बीमरियों से जूझ रहे लोगों को मुफ्त मदद का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को मदद पहुंचाना, इलाज करवाना और पुनर्वास देना सरकार की जिम्मेदारी होगी।

समाप्त करते हैं।

आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर होता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाफी साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दशार्यी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। खेती के लिए लिया गया कर्ज. नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मगर सरकारी बैंकों, साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान आज भी आत्महत्या कर रहे हैं। बैंक आज भी किसानों से जबरदस्ती कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीने नीलाम कर रहे हैं। इसी के चलते किसान मजबूर होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

भारत में आत्महत्या एक प्रमुख समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 171,000 आत्महत्याएं की गईं थी जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक थी । प्रति एक लाख की जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो आंकड़ो के हिसाब से सर्वोच्च थी। 2022 के दौरान आत्महत्याओं में 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और भारत में दुनिया में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं। वैश्विक आत्महत्या के मामलों में मौत के भारत के आंकड़े 1990 में 25.3 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में महिलाओं में 36.6 प्रतिशत और पुरुषों में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गये। 2016 में 15-29 वर्ष और 15-39 वर्ष के आयु समूहों में आत्महत्या मृत्यु का सबसे आम कारण था। दैनिक वेतन भोगी लोग आत्महत्या पीड़ितों का 26 प्रतिशत हिस्सा थे। जो आत्महत्या के आंकड़ों में सबसे बड़ा समूह था।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में राज्यों में सबसे अधिक आत्महत्याएं महाराष्ट्र (22,746) में हुईं। इसके बाद तमिलनाडु में 19,834 और मध्य प्रदेश में 15,386 आत्महत्याएं हुईं। चार राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल को मिलाकर देश में हुयी कुल आत्महत्याओं में से लगभग आधी उक्त प्रदेशों में हुयी थी। नागालैंड में केवल 41 आत्महत्याएं हुईं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में 2017 से 2019 के दौरान भारत में लगभग आधी आत्महत्याएं हुयी हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं, उसके बाद पुडुचेरी का स्थान रहा। बिहार और पंजाब में 2018 की तुलना में 2019 में आत्महत्याओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी थी।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता हुआ दिखता है। 2017 में देश में 1,29,887 आत्महत्याओं की मामले रिकॉर्ड किए गए थे। तब आत्महत्या दर 9.9 प्रतिशत थी। आत्महत्या दर प्रति लाख आबादी पर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं को दशार्ता है। 2017 के आंकड़ों के मुताबिक देश में प्रति लाख 9.9 आत्महत्या की घटनाएं दर्ज की गईं थी। 2018 में आत्महत्या दर में इजाफा हुआ और ये बढ़ कर 10.2 पर पहुंच गयी थ। तब देश में 1,34,516 आत्महत्या के मामले दर्ज हुए थे। 2019 में कुल 1,39,123 लोगों ने तो 2020 में ये संख्या बढ़कर 1,53,052 हो गई थी। 2021 में आत्महत्या के 1,64,033 मामले हुये थे।

भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ से जूझ रहे लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से कोई ठोस बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन विश्व के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे आत्महत्याओं के बढ़ते मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं। जिनमें से 21 फीसदी आत्महत्याएं भारत में होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में सरकारों को सलाह दी गई है कि आत्महत्या का मीडिया ट्रायल नहीं हो। देश में अल्कोहल को लेकर ठोस नीति बनाई जाए। आत्महत्या के संसाधनों पर रोक लगाते हुए आत्महत्या के प्रयास करने वालों की उचित देखभाल की जाए।

आत्महत्या जैसे मामलों को रोकने के लिए समाज के हर एक जिम्मेदार व्यक्ति को सामने आने की जरूरत है। जिससे ज्यादा-से-ज्यादा लोग इस बात से जागरूक हो सकें और आत्महत्या जैसे मामलों में कमी लाई जा सके। सभी को इस बात को समझने की जरूरत है कि आज की इस भागदौड़ भरी जिन्दगी में तनाव की स्थिति कभी कम तो कभी ज्यादा बनी रहती है। परंतु इसका समाधान अपनी जिन्दगी को समाप्त कर लेना नहीं हैं। जानबूझकर खुद को मारना आत्महत्या या फेलो डे से के रूप में जाना जाता है। भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 309 आत्महत्या से संबंधित है। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी आत्महत्या का प्रयास करेगा और इस तरह के अपराध को अंजाम देगा उसे एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास, जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

स्पीड न्यूज



## पूर्व सीएम चंपई जागरण संध्या में हुए आमंत्रित

**जमशेदपुर।** श्री श्री सार्वजनिक सरस्वती पूजा रेलवे कॉलोनी मैदान आदित्यपुर के सदस्यों ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन से उनके घर पहुचंकर जागरण संध्या कार्यक्रम में आमंत्रित किया। मौके पर रेलवे कॉलोनी मैदान के पूजा पंडाल अध्यक्ष मोहित कुमार, जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा और समिति के सदस्य उप-सचिव मनीष कुमार, नितेश, अंकित व अन्य मौजूद थे।

## मुंडा ने दिवंगत गणेश महतो को दी श्रद्धांजलि

**गम्हरिया।** भाजपा नेता गणेश महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गम्हरिया गायत्रीनगर स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दिवंगत गणेश महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विमल स्वर्णकार, संजय सरदार, श्याम महतो, सबुज चौधरी, जॉनी केडिया आदि उपस्थित थे।

## आचार संहिता मामले में कन्हैया सिंह हुए बरी

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाने में दर्ज आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह को प्रथम श्रेणी प्रिया कुमारी लाला के न्यायालय ने बाइज्जत बरी कर दिया।

## यूरेनियम माइंस इकाई के सहसचिव बने शांखो

**जादूगोड़ा।** यूसिल अनुसूचित जनजति कर्मचारी संघ की बागजाता यूरेनियम प्रोजेक्ट परिसर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चारु चरण मार्डी ने की। बैठक में बागजाता यूरेनियम माइंस इकाई का पुनर्गठन किया गया, सह सचिव की जिम्मेदारी हेतु मैकेनिकल विभाग में कार्यरत शांखो मुर्मू को चुना गया।

## सिल्ली में नीलगिरी मेला हर्षोल्लास से संपन्न

**सिल्ली ।** नीलगिरी मेला समिति की ओर से आयोजित नीलगिरी मेला शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। मेले की अध्यक्षता त्रिलोचन बड़ाईक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो,रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र बड़ाईक उपस्थित रहे। विधायक अमित कुमार महतो ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि सभी लोग नव वर्ष में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े। वीणा चौधरी ने हुए कहा कि टुसु पर्व छोटानागपुर की संस्कृति है इसे संजोये रखना है। मंच पर विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। लोगों ने कहा कि यह मेला सार्वजनिक मेला है एवं मेला का आयोजन होने से आपस में समरसता का संचार होता है। मेले में टुसु प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरूगन ने की आकांक्षी जिला विकास कार्यों की समीक्षा

- बैठक में चाईबासा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया हिस्सा
- डॉ मुरुगन ने जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र और करंजिया केज कल्चर मछली पालन केंद्र तथा जिले के पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा।** माननीय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ एल मुरुगन अपने चाईबासा यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को उपायुक्त सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंत्री के साथ चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा और विभिन्न विभागो और योजनाओं से जुड़े जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े चाईबासा में चलाए जा रहे अभियानों और इनसे जुड़े आंकड़ों की समीक्षा कर विचार और सुझाव साझा किये।

मंत्री महोदय ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों से जुड़े आंकड़ों, टीबी के इलाज और प्रबंधन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थिति, जन धन खातों की संख्या, मृदा स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े, एक जिला एक उत्पाद से जुड़े कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और अपने सुझाव दिए। माननीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है, सबका साथ सबका विकास का प्रधानमंत्री का लक्ष्य है, इसी ध्येय से ही हम विकसित भारत का 2047 तक निर्माण कर सकते हैं।

समीक्षा बैठक से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंत्री ने आईटीआई में विभिन्न ट्रेड आधारित वर्कशॉप का अवलोकन क्रम में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने करंजिया में स्थानीय लाभुक समिति के केज कल्चर से कर रहे मछली पालन कार्य का अवलोकन कर लाभुकों संग संवाद किया। उन्होंने चाईबासा सदर स्थित पीएम श्री स्कूल टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय का भी भ्रमण किया। इस दौरान साइंस लैब, कंप्यूटर लैब व संचालित क्लासरूम का अवलोकन करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों से मिले।

इस दौरान उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूल में ड्रॉप आउट दर को कम करने, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के तहत मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने का निर्देश दिया। वही सेल्फ हेल्प ग्रुप की गतिविधियों को बेहतर बनाने, उन्हें एक जिला एक उत्पाद' से जोड़ने, में ड्रोन दीदी योजना को बेहतर बनाने, श्रम विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम को रोकने के लिए विशेष कैंपेन चलने का निर्देश दिया। जिले में पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास आवंटन के लक्ष्यों को पूरा करने और जल जीवन मिशन के तहत लक्ष्य को त्वरित कार्रवाई कर प्राप्त करने का भी निर्देश दिया।



जिले के अधिकारी-पदाधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला के विकास कार्यों की समीक्षा करते मंत्री।

# झारखंडवासी एकता मंच का गोपाल मैदान में 21 को लगेगा भव्य टुसू मेला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड वासी एकता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो व सह संयोजक सांसद विद्युत वरण महतो ने सोनारी स्थित निर्मल भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में संयुक्त रूप से जानकारी दी कि आगामी 21 जनवरी, मंगलवार को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में विराट टुसू मेला का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भी मेला में टुसू प्रतिमा व चौड़ल लेकर आनेवाले प्रतिभागियों को अलग अलग श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करनेवालों को भी नकद इनाम दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा। पुरस्कार के मद में सांत्वना पुरस्कार छोड़कर तीन श्रेणिय टुसु, चौड़ल व बुढ़ी गाड़ी नाच में कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। टुसू प्रतिमा का प्रथम पुरस्कार 31 हजार, चौड़ल का पुरस्कार 25 हजार, वही बुढ़ी गाड़ी नाच का पुरस्कार प्रथम 15 हजार रुपए का होगा।

उन्होंने बताया कि मेला में झारखंड सहित ओड़िशा, पश्चिम बंगाल तथा छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों से भी कई लोग व समिति मेला में भाग लेंगे। सुबह 7 बजे से ही लोग मेला में टुसु व चौड़ल लेकर पहुंचने लगते हैं। बताया कि मेले की शुरूआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्व सुनील महतो ने की थी। तभी से आज तक हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन हो रहा है। मेला में आनेवालों की सुरक्षा के लिए मंच के कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो के साथ फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, सचिन महतो, गोपाल महतो, करमू हांसदा, धनंजय महतो, चुनका मार्डी, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।

विद्युत महतो ने कहा कि बदलते परिवेश में परिधान के साथ साथ सोच न बदले, इसलिए इस पर्व के रीति रिवाज को जीवित रखने की जरूरत है। हर जगह मकर व टुसु पर्व के महान विरासत को कायम रखने की जिम्मेवारी आनेवाली पीढ़ी पर है। उन्होंने राज्य सरकार से टुसु पर तीन दिन की छुट्टी घोषित करने की मांग की। आस्तिक महतो ने कहा कि गत वर्ष लगभग 200 से अधिक टीम पहुँची थी, उम्मीद है कि इस बार और अधिक टीम पहुँचेगी। उन्होंने अन्य समाज के लोगों को भी मेला में आकर अपनी संस्कृति व कला को प्रदर्शित करने का आमंत्रित किया। कहा कि अन्य प्रदेश के लोग भी आएं और झारखंड की संस्कृति को नजदीक से देखें। साथ ही युवाओं से उन्होंने अपनी संस्कृति व धरोहर को बचाने की अपील की।



टुसू मेला के बारे में जानकारी सार्वजनिक करते समिति के पदधारी।

# रातू : पुलिसकर्मी को कार ने मारा धक्का, चालक को जेल

- चेंडी का है बबलू उरांव
- दो अन्य आरोपी फरार

रातू। पुलिस ने थाना कांड संख्या 20/25 के नामजद आरोपी बबलू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह कांके के चेंडी निवासी बिरसा उरांव का पुत्र है। चेंडी के मनोज कुमार और कमड़े के राजू उरांव फरार बताये जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। इन पर चाणक्यपुरी में रहने वाले पुलिसकर्मी उपेंद्र कुमार तिवारी को धक्का मार जख्मी कर दिये जाने का आरोप है। दुर्घटना में उनकी होंडा साइन मोटर साइकिल जेएच 01 ईजे 7172 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना 15 रात 11:30 बजे की है।

**जानें क्या है मामला**

थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि उपेंद्र तिवारी विशेष शाखा में कार्यरत हैं। कामकाज निपटा कर बाइक से घर लौटने के दौरान स्विफ्ट कार जेएच 01 ईएन 2033 में सवार तीनों आरोपित पिस्का मोड़ से ही उनका पीछा करते आ रहे थे। जैसे ही तिवारी देवी मंडप के पास पहुंचे, कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह जख्मी हो गये और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## ओरमांझी : सड़क हादसे में दो की मौत

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बीपी पेट्रोल पंप ओरमांझी के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनो मृतक की पहचान अरगड़ा सिरका रामगढ़ निवासी बबलु मेहता व आकाष यादव के रूप में हुई है। एनएच-20 पथ ओरमांझी में गुरूवार रात लगभग 11:30 बजे हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि 26 वर्षीय दोनो युवक जेएच02एजे-6566 बाइक में सवार हो रामगढ़ से रांची की ओर जा रहे थें। जैसे ही दोनो ओरमांझी बीपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। तेज रफ्तार से जा रही टोयटा कार जेएच05के-1683 ने बाइक को पिछे से जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे दोनो बाइक सहित सड़क पर फेका गए। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल दोनो को उपचार के लिए रिम्स भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा दोनो की मौत की पुष्टि की गई। पुलिस द्वारा दोनो वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

## शिव सह महावीर मंदिर में दत्तात्रेय मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

# महिला और युवतियों ने निकाली कलशयात्रा

- 19 को होगी प्राण प्रतिष्ठा
- इलाके में है चहल-पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय से सटे टोंगरी टोली स्थित श्री साईं मंदिर परिसर में निर्मित शिव सह महावीर मंदिर की तीन दिनी प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ शुरू हो गया है। इसके पहले दिन शुक्रवार को 251 महिला और युवतियों ने मंदिर परिसर से महाराजा तालाब तक कलशयात्रा निकाली। पुजारी धन्नजय पाठक की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक कराया गया। किला स्थित देवी मंडप में पूजा-अर्चना के बाद महिलाएं मंदिर पहुंची। यहां चंदन मिश्र और रितेश पाठक ने जलाधिवास कराया। शनिवार को वेदी पूजन और नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वहीं, 19 को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। रुद्राभिषेक के बाद हवन और प्रसाद वितरित किये जायेंगे। शाम 4 बजे से महाभंडारा होगा। यज्ञ में हजारों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल है। प्रेमप्रकाश सिंह सपत्नीक यजमान हैं।


कलशयात्रा में शामिल महिलाएं।

**निभा रहे हैं भूमिका**

साईं मंदिर संचालन समिति के सुनैना देवी, उर्मिला देवी, काजल देवी, सीमा देवी, लाली देवी, विवेक सिंह उर्फ बीरू, शंभू झा, निर्मल साहू, पंकज कुमार, रमेश ठाकुर, भोला, सुनिल गुप्ता, गणेश, शिबू, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, बॉबी कुमार, विवेक कुमार, कृष्ण कुमार आदि।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल


घायल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** थाना क्षेत्र के राहे-सिल्ली सड़क के कोटांगदाग मिडिल स्कूल के सामने बाइक से गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। सड़क से गुजर रहे भाजपा के वरीय नेता जैलेंद्र कुमार के प्रयास से एंबुलेंस मंगवा कर इलाज के लिए बुंडू रेफरल अस्पताल भेजा गया। स्थिति बिगड़ते देख तीनों को बेहतर ईलाज के लिए रांची रेफर किया गया। घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे के आसपास टीवीएस आपाची बाइक से एक किशोर एक महिला ओर एक पुरुष सिल्ली की ओर से आ रहे थे। कोटांगदाग स्कूल के समीप अचानक एक गाय दौड़ कर बाइक के सामने आ गई जिससे बाइक का टक्कर गाय से हो गया और तीनों सवार गिर गए। इसी सड़क से भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार गुजर रहे थे। दुर्घटना देखकर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करवाये। ग्रामीणों के अनुसार तीनों सोनाहातू थाना क्षेत्र के तेतला पंचायत के बढ़ाईटांड़ गांव के पंकज महतो, प्रियांशु कुमार और ममता देवी हैं।

# नगड़ी साइंस एकेडमी में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

- दो सौ बच्चों की हुई जांच
- 60 को चश्में की सलाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू/ नगड़ी।** साइंस एकेडमी बोर्डिंग स्कूल नगडी के प्राचार्य रजनीश कुमार के आग्रह पर भगवान महावीर आई हॉस्पिटल और भारतीय मानवाधिकार छोटानागपुर प्रमंडल की ओर से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसके उपरांत, अध्यक्ष संतोष पाठक, राजेश सिंह व दिनेश जायसवाल की पहल पर हॉस्पिटल की डॉ वर्तिका गुप्ता व डॉ मयूरी भट्टाचार्य की टीम ने कक्षा नर्सरी से 10 तक के छात्र-छात्राओं का नेत्र की जांच की। इसमें 200 का परीक्षण कराया। वहीं, 60 को चश्मा पहनने की सलाह दी गयी। स्कूल के निदेशक डीएन सिंह ने कहा शिविर का मुख्य उद्देश्य कोरोना के बाद छात्र-छात्राओं के आंख की स्थिति में पता लगाकर उनके अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन किया जा सके। वहीं, प्राचार्य श्री कुमार ने अतिथि व डॉक्टर की टीम का स्वागत किया।

**कार्यक्रम में लिया हिस्सा**

अविष्कार फाउंडेशन ट्रस्टी के संस्थापक बॉबी सिंह, डॉ मृदुला सौरभ, डॉक्टर एसएन मिश्र, शिव सरस्वती सेवा निकेतन, पिर्रा के संस्थापक व्रजेश शर्मा, महानंद झा, ईशाना कुमारी, अजय ओझा, सौरभ सेन, व्रजेश तिवारी, रविंद्र शर्मा, अजीत पाठक, गौरव सिंह, सौरभ कुमार व बड़ी संख्या में अभिभावक आदि।

## नामकुम में टुसू मेला सह एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**नामकुम।** रामपुर के जरेया मैदान में टुसू मेला सह एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेस कुमार बैठा एंव खूंटी के विधायक राम सूर्य मुण्डा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि झारखंड को बचाना है तो हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को बचाना होगा, क्योंकि इनका संरक्षण होगा सभी हमारा अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। श्री कच्छप ने कहा कि हमें बाहर से आने वालों वालों को अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा एंव वेशभूषा को सिखाना है ना कि उनसे हमें यह सब सीखना है। वहीं विशिष्ट अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि राज्य के तीन विधानसभा के विधायक नामकुम प्रखंड से ही है। श्री बैठा ने कहा कि टुसू भाईचारा, खुशियां बांटने एवं एकजुटता का पर्व है।

## डायट में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

# राजकीय मवि हुरहुरी की छात्रा निबंध में अव्वल

- कक्षा 8 की है सुहाना परवीन
- शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डायट में आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में राजकीयकृत मवि, हुरहुरी के 8 वीं की छात्रा सुहाना परवीन अव्वल रही। उसे ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसकी सफलता पर प्राचार्य संदीप कुमार गुप्ता, शिक्षक जनक प्रसाद, शिवकुमार पाठक, शिक्षिका लता कुमारी, अंजू कुमारी, श्वेता कुमारी व सावित्री कुमारी ने उज्वल भविष्य की कामना की है। सुश्री परवीन कलाम अंसारी व हसीना खातून की पुत्री है। इधर, सुहाना को बधाई देने वालों का तांता लगा है। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्रा, प्रबंध समिति के पदधारी, सदस्य, गांव के शिक्षा प्रेमी, मुखिया, सरपंच और अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं।


ट्रॉफी के साथ सुहाना।

## बाइक अनियंत्रित होने से तीन छात्र गंभीर

**चांडिल।** शुक्रवार को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपाटांड़ के पास लेपाटांड़ स्कूल के 3 छात्र बाइक अनियंत्रित होने से गंभीर रूप से घायल हो गए। छात्रों की पहचान आतारग्राम निवासी छात्र मोहित कैवर्त (17), लेपाटांड़ के छात्र मनोज प्रमाणिक (18) तथा लेपाटांड़ के दीपक कुमार (18) शामिल है। मोहित को काफी गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार कर तीनों को 108 एंबुलेंस से एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया गया।

# करकट में धूमधाम से मना घासीराम जयंती, कई सांस्कृतिक दलों ने लोगों को झुमाया

## महाकवि घासीराम जनकवि थे : डॉ कुमार ए एन शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो/पिठोरिया।** महाकवि घासीराम महली की 166वीं जयंती सह मेला का आयोजन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुमार लाल आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव कहा कि विरले ही वह घड़ी आती है जब महाकवि घासीराम जैसी हस्ती का जन्म इस धरती में होता है। जब एक कलमकार राजकवि के साथ जनकवि बन जाता है। डा उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि महाकावि घासीराम 19वीं और बीसवीं सदी को अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से जोड़ने वाले ऐसे कवि थे जिनकी रचनाओं के भावपक्ष एवं कलापक्ष के लेकर कई शोध किये जा सकते हैं। उनकी रचनाएँ आज भी प्रासंगिक हैं। डॉ शकुन्तला मिश्र ने कहा कि महाकवि घासीराम सांस्कृतिक आंदोलनकारी थे। उन्होंने सम्पूर्ण छोटानागपुर को अपने सरल-सहज व्यक्तित्व और गीत संगीत के माध्यम से एक सूत्र में जोड़ कर झारखंड की समन्वित संस्कृति को मजबूत किया था। साहित्यकार डॉ कलाधर ने कहा कि यह साहित्यिक सह सांस्कृतिक मेला आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इससे हमारी परम्परा तो बची ही रहती है, गांवों में एकता तथा सद्भावना भी बढ़ती है। वरिष्ठ साहित्यकार धनेन्द्र प्रवाही ने कहा कि किसी भी साहित्यकार के नाम से लगने वाला यह पहला मेला है । इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। समिति के सचिव ने कहा कि गाँव के युवा मिलकर महाकवि घासी राम के जन्म स्थान करकट को आदर्श गांव तथा झारखंड का महात्वपूर्ण सांस्कृतिक केन्द्र बगाएँगे। अध्यक्ष मकेश्वर महली ने इस अवसर पर करकट गांव गॉव की परिस्थिति नी जानकारी देते हुए कहा कि यह एक निर्धन गाँव है। यह कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने करकट मोड़ से लेकर गाँव तक की जर्जर सड़क की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गाँव में महाकवि घासीराम के नाम से आवासीय विद्यालय खोलने की भी मांग की। समिति के कोषाध्यक्ष अशोक महली ने कहा कि महाकवि ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से नवजागरण का जो बिगुल फूँका है उस आवाज हमें सदियों तक बुलन्द रखना है। इस मौके पर पर आशीष कुमार महली, निरंजन बाघवार, भूपेन्द्र, डॉ रामकुमार, प्रवीण सिंह, प्रो विकास सिन्हा, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, महावीर साहू, शिव टहल जायसवाल, शशिकला पौराणिक सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।






# मनु -गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न, राष्ट्रपति ने दिये खेल पुरस्कार






एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरूआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया।

## मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

**अर्जुन पुरस्कार :** ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अनु रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स), जीवांजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), तुलसीमति मुरुगेसन (पैरा-एथलेटिक्स), नित्या श्रे सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाजी), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाजी), स्वप्निल सुरेश कुसाले (निशानेबाजी), सरबजोत सिंह (निशानेबाजी), अभय सिंह (स्क्वाश), साजन प्रकाश (तैराकी), अमन सहरावत (कुश्ती)।

### सब्र का फल मीठा होता है: मनु भाकर

सम्मान समारोह के बाद मनु भाकर ने कहा, सब्र का फल मीठा होता है। मेरा यही मानना है। खेलरत्न देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से है। मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया।

### क्रिकेट में नहीं मिला इस साल कोई अवॉर्ड

नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड में इस साल क्रिकेट से किसी का भी नाम शामिल हीं किया गया। माना जा रहा थ। पिछले साल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन इस बार ना तो महिला और ना पुरुष कैटेगरी में किसी भारतीय क्रिकेटर का नाम किसी भी अवॉर्ड के लिए सामने नहीं आया।

### खेल रत्न और अर्जुन अवार्डी को इतनी मिली है पुरस्कार राशि

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के साथ 25 लाख रुपये नकद, जबकि अर्जुन पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार के साथ 15 लाख रुपये दिये जाते हैं। इस साल द्रोणाचार्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में निशानेबाजी कोच दीपाली देशपांडे शामिल हैं। वह स्वप्निल कुसाले की कोच हैं। उनके अलावा भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मैनेजर अलबर्टो कोलासो को भी सम्मान के लिये चुना गया। अर्जुन पुरस्कार पिछले 4 साल में शानदार प्रदर्शन करने के साथ नेतृत्व क्षमता, खेल भावना और अनुशासन का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। इसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप का प्रदर्शन खासतौर पर ध्यान में रखा जाता है।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024

| पुरस्कार | विजेता |
|---|---|
| खेल रत्न | 04 खिलाड़ी |
| अर्जुन पुरस्कार | 32 खिलाड़ी |
| अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम श्रेणी) | 02 खिलाड़ी |
| द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी) | 03 कोच |
| द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम श्रेणी) | 03 कोच |

### क्रिकेट में नहीं मिला इस साल कोई अवॉर्ड

नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड में इस साल क्रिकेट से किसी का भी नाम शामिल हीं किया गया। माना जा रहा थ। पिछले साल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन इस बार ना तो महिला और ना पुरुष कैटेगरी में किसी भारतीय क्रिकेटर का नाम किसी भी अवॉर्ड के लिए सामने नहीं आया।

### पैरा एथलीट्स को मिले ज्यादा पुरस्कार

इस बार पैरा एथलीट्स की संख्या पुरस्कार जीतने वालों में अधिक थी। भारतीय खिलाड़ियों ने पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण और नौ रजत समेत 29 पदक जीते थे। राष्ट्रपति मुर्मू कई बार परंपरा से हटकर व्हीलचेयर पर निर्भर कुछ खिलाड़ियों जैसे प्रणव सूरमा के लिये खुद आगे चलकर आईं। सूरमा ने क्लब थ्रो में पैरालंपिक में रजत पदक जीता था। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज होगा भारतीय टीम का एलान, रोहित और अगरकर रहेंगे मौजूद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान शनिवार यानी 18 जनवरी को मुंबई में होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की मौजूदगी में भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी। 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित होगी जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। मालूम हो कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था जिसके बाद आइसीसी ने हाइब्रिड मॉडल का फॉमूर्ला अपनाया था।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए घोषित होगी टीम

चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम घोषित की जाएगी। रोहित और अगरकर मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और टीम की घोषणा करेंगे। टीम की घोषणा के बाद शनिवार दोपहर 12.30 बजे रोहित और अगरकर प्रेस को संबोधित करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने बयान में जानकारी दी। बीसीसीआइ के बयान के अनुसार, पुरुष चयन समिति इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुंबई में कल भारतीय टीम का एलान करेगी। टीम चयन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं और दोनों के बीच मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके बाद उसका पाकिस्तान से सामना होगा और फिर दो मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा।

### बुमराह-कुलदीप पर रहेंगी नजरें

इस टूर्नामेंट के लिए छह टीमों ने अपने खिलाड़ियों का एलान कर दिया है, जबकि भारत और पाकिस्तान ने अबतक टीम की घोषणा नहीं की है। बताया जा रहा है कि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की फिटनेस चिंताओं के कारण टीम घोषित होने में देरी हुई है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, सिंधु हारी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के जिन जोंग और कांग मिन ह्यूक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं भारत दिग्गज शटलर पीवी सिंधु को इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधु घरेलू धरती पर इंडिया ओपन 2025 के अंतिम आठ से बाहर हो गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर को इंडोनेशियाई की प्रतिद्वंद्वी ग्रेगोरिया मारिसा से हार मिली है। सिंधु के खिलाफ मैच का परिणाम 9-21, 21-19, 17-21 रहा, जिसके चलते उन्हें क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उनका अभियान खत्म हो गया है। विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु का मुकाबला एक घंटे से अधिक समय तक चला। हैदराबादी शटलर आज पहले गेम में टिक भी नहीं सकी। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इंडोनेशियाई शटलर ने पहला गेम 9-21 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में सिंधु ने जवाबी हमला किया। वह 2-6 से पीछे होने के बावजूद ब्रेक तक 11-10 से आगे थीं। भारतीय बैडमिंटन की पोस्टर गर्ल ने अपने शक्तिशाली स्मैश और आक्रामक रवैये का इस्तेमाल करते हुए दूसरे गेम में 14-10 की बढ़त बना ली। हालांकि, सिंधु पीछे रह गईं और उनकी इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद एक तनावपूर्ण संघर्ष करते हुए भारतीय शटलर ने दूसरा गेम 21-19 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। इसके साथ ही मैच तीसरे सेट तक पहुंच गया



### जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में

**मेलबर्न।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेट में दर्द के बावजूद शुक्रवार को 26वें वरीय चेक गणराज्य के टॉमस माचैक पर सीधे सेटों में जीत हासिल कर आस्ट्रेलियन ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली हैं। 10 बार के टूर्नामेंट चैंपियन जोकोविच ने दूसरे सेट की शुरूआत में ही पेट में तकलीफ के कारण चिकित्सा सहायता मांगी। जोकोविच ने मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए माचैक को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया।

### बोपन्ना - झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

**मेलबर्न।** भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6.4, 6.4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना 2024 आस्ट्रेलियाई ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

## अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध: बीसीसीआइ

**मुंबई।** बीसीसीआइ ने टीम में अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियामावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जायेगी। पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल हैं।

## चोटिल ओसाका आस्ट्रेलियन ओपन 2025 से बाहर

**मेलबर्न।** दो बार की आस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने शुक्रवार को बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 के तीसरे राउंड के मैच का पहला सेट 7-6(3) से हारने के बाद पेट की चोट के चलते मैच को बीच में ही छोड़ दिया। जापान की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ओसाका पिछले साल मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में खेल रही थीं। मैच के दौरान ओसाका पहले सेट में 4-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन पेट की चोट से जूझती हुई दिखाई दीं, जिसके बाद 6-5 पर फिजियो को बुलाया गया उसके बाद 7-6 से वह पहला सेट हार गयी।

## स्कूली खेल प्रतियोगिता : साइकिलिंग (ट्रैक) एवं टेनिस प्रतियोगिता का उदघाटन

➲ देश की 16 टीमें साइकिलिंग और 26 टीमें टेनिस में ले रही है भाग, 524 खिलाडी पदको के लिए लगाएंगे जोर

**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग (ट्रैक) एवं अंडर 19 टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन किया गया। उदघाटन समारोह में खिजरी के विधायक राजेश कच्छप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि के अलावा रांची के सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग, झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, जे.टी.ए के निदेशक सह कोषाध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र कुमार पाठक, झारखंड टेनिस एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गुप्ता, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र लांबा, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह शामिल हुए।

## भारत ने खो खो वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में बनायी जगह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में खेले जा रहे पहले खो खो वर्ल्ड कप में भारत ने महिला और पुरुष वर्ग में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीदों के मुताबिक आसानी से हर विरोधी के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए खिताब की ओर कदम बढ़ाया है। खो खो वर्ल्ड कप 2025 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है और महिला वर्ग में भारतीय टीम ने एक हैरतअंगेज जीत दर्ज की है। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार 17 जनवरी को एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को 96 पॉइंट्स के बड़े अंतर से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में भारतीय महिला टीम के सामने बांग्लादेशी खिलाड़ी बिल्कुल भी नहीं टिक सके और 109-16 के स्कोर के साथ भारत ने जीत दर्ज कर ली। इसके साथ ही टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे इस वर्ल्ड कप के महिला और पुरुष वर्ग में उम्मीद के मुताबिक भी भारतीय टीमों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। दोनों ही टीमों ने गुरुवार 16 जवनरी को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। शुक्रवार को पहले महिला टीम का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया, जिसने मलेशिया को 80 पॉइंट के बड़े अंतर से हराकर इस मैच में एंट्री की थी। टूनार्मेंट की शुरूआत से ही हर मैच जीत रही भारतीय टीम के सामने बांग्लादेश के टिकने की भी उम्मीद नहीं थी और यही हुआ। टीम इंडिया ने चारों टर्न में दमदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने टर्न-1 में अटैक के साथ शुरूआत की और यहां बांग्लादेश को पूरी तरह चित करते हुए पूरे 50 पॉइंट हासिल किए, जबकि बांग्लादेश का खाता भी नहीं खुला। दूसरे टर्न में डिफेंड कर रही भारतीय टीम ने 6 पॉइंट हासिल किए, जबकि अटैक कर रही बांग्लादेशी टीम 8 पॉइंट्स ही हासिल कर सकी। भारत ने फिर तीसरे टर्न में भी अटैक किया और एक बार फिर नतीजा पहले टर्न जैसा ही रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 50-0 का स्कोर एक बार फिर दोहराया। इस तरह 3 टर्न के बाद स्कोर 106-8 हो गया था। बांग्लादेश की हार यहीं पर तय हो गई थी लेकिन टर्न-4 अभी बाकी था और इस बार भी भारत ने अच्छे से डिफेंड करते हुए 3 पॉइंट हासिल किए, जबकि बांग्लादेश को 8 पॉइंट मिले। इस तरह 109-16 की चौंकाने वाली स्कोरलाइन के साथ भारत ने ये मैच जीत लिया।





### अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के परिणाम

**महिला वर्ग:** युगांडा बनाम न्यूजीलैंड युगांडा ने 71-26 के स्कोर के साथ शानदार जीत दर्ज की।

**दक्षिण अफ्रीका बनाम केन्या:** दक्षिण अफ्रीका ने करीबी मुकाबले में केन्या को 51-46 से हराया।

**नेपाल बनाम ईरान :** नेपाल ने 103-8 के स्कोर के साथ ईरान को हराकर दबदबा कायम किया।

**पुरुष वर्ग :** ईरान बनाम केन्या: ईरान ने 86-18 के विशाल अंतर से जीत दर्ज की।

**दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड:** दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 58-38 से हराया।

**नेपाल बनाम बांग्लादेश:** नेपाल ने 67-18 के स्कोर के साथ बांग्लादेश को हराया।

## बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 25वां एथलीट मीट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। बच्चों में इससे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ एकता की भावना भी विकसित होती है। उपरोक्त बातें छोटानागपुर डायसिस(सीएनआई) के बिशप बीबी बास्के ने कही। वे शुक्रवार को बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा के 25वें एथलीट मीट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर दस तक की छात्राओं ने खेलकूद के साथ-साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती जे एडविन ने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हमारी बच्चियां बल और बुद्धि, हर तरह से मजबूत बनें। इसका सर्वोत्तम माध्यम खेलकूद है। समारोह में विशिष्ट अतिथि रेव जॉलजस कुजूर और रेव डेविड के साथ बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकोम की प्राचार्या एन जेकब्स, बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल नामकोम के प्राचार्य जे जे एडविन, बिशप स्कूल बहूबाजार के प्राचार्य आई जेकब, श्रीमती शॉ, मिस धान समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### टोपाज हाउस बना चैंपियन



**ये बने विजेता** सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टोपाज हाउस ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। गार्नेट हाउस बना उप विजेता। सबसे अनुशासित हाउस का कप हासिल किया एमरेल्ड हाउस ने और सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट की ट्रॉफी जीता सफायर हाउस ने। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों के बीच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से एमरल्ड हाउस की शैली होरो ने इंडिविजुअल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। शैली ने राष्ट्रीय स्तर पर भी स्कूल को रिप्रेजेंट किया है और कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। विशिष्ट पुरस्कार अंजलि झा, कोमल क्षेत्री को दिया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता शिविर




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में डंडई प्रखंड के सृजन पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जो समाज में फैल रहे कुरीतियों एवं कम उम्र में बाल विवाह जैसे कूप्रथाओं पर बहुत ही जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही पीएलवी ने बाल ट्रैफिक, बाल मजदूरी, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं साइबर क्राइम आदि विषयों पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक ऋषि राज, पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे, सुधीर चौबे, गोपाल चौबे, दीपक कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 233 लाभुकों का अनुदान राशि स्वीकृत

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों की राशि अनुदान स्वीकृति के लिए बैठक की गई। जिसमें अनुदान राशि स्वीकृति के लिए गठित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जातियों के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना मद में चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने के लिए कुल 233 व्यक्तियों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें अनुसूचित जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 22 व्यक्तियों को, अनुसूचित जनजाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 47 व्यक्तियों को एवं पिछड़ी जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 164 व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान राशि के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। ज्ञात हो कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से चलाए जाने वाली कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए चिकित्सा अनुदान के लिए चिकित्सा सहायता योजना संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्तियों अथवा 72 हजार रूपये वार्षिक आय वाले उपरोक्त वर्णित वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान की राशि मुहैया कराई जाती है। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### 20 को होगा जॉब कैंप का आयोजन

**पूर्वी चंपारण।** जिला नियोजनालय परिसर में आगामी 20 जनवरी को एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन किया जायेगा। कैंप का शुभारंभ 11 बजे दिन से होगा। कैम्प में फुड सप्लायर जोमैटो लिमिटेड भाग लेगी, जिसमे डिलेवरी पार्टनर पद के लिए 150 युवाओ को चयनित किया जायेगा।उक्त पद के लिए योग्यता 10वीं पास व उम्र 18-40 वर्ष के पुरूष निर्धारित किया गया है। जॉब का कार्यस्थल बिहार के पूर्वी चंपारण / हैदराबाद,चेन्नई के जिलों में होगा और मानदेय कमीशन के आधार पर निर्धारित किया गया है।इसके साथ ही मेडिक्लेम, इंश्योरेंस, बोनस भी दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में आयोजित जॉब कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### बीए पार्ट-3 की परीक्षा देने जा रही युवती को ट्रक ने रौंदा, मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया फारबिसगंज मार्ग में सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रही छात्रा की शुक्रवार को मौत हो गयी। घटना अररिया फारबिसगंज मार्ग में एनएच 27 पर हुआ है। फारबिसगंज अमहारा पंचायत के बागमारा वार्ड संख्या 03 निवासी मनोज कुमार मंडल अपनी बेटी को बीए पार्ट 3 की परीक्षा दिलाने के लिये मोटरसाइकिल से कॉलेज अररिया जा रहे थे। जैसे ही वह गोढ़ी चौक के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार पिता व पुत्री को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही पुत्री पुष्पा की मौत हो गयी, जबकि पिता मनोज मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पुलिस की मदद से अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हेलमेट चौक का उद्घाटन कर जीवन जागृति सोसायटी ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**भागलपुर।** जीवन जागृति सोसायटी, जो सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाती है, ने अपने अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की है। डॉ. सिंह के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े प्रतीकात्मक हेलमेट को हेलमेट चौक के रूप में स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए शुक्रवार को डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण हेलमेट का नहीं पहनना है। उन्होंने कहा कि इस चौक का उद्देश्य युवाओं और खासतौर पर मोटरसाइकिल चालकों को यह संदेश देना है कि जीवन अमूल्य है। हर व्यक्ति को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने इस अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि हेलमेट चौक के रूप में स्थापित यह विशाल हेलमेट न केवल एक प्रतीक है, बल्कि यह लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व की याद दिलाएगा। एक निवासी ने कहा कि यह चौक वाहन चालकों को प्रेरित करेगा कि वे हेलमेट पहनने की आदत को अपनाएं। हेलमेट हमारी सुरक्षा की पहली ढाल है और हमें अपने परिवार और समाज के लिए सुरक्षित रहना चाहिए। जीवन जागृति सोसायटी लगातार सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियानों में सक्रिय रही है। हेलमेट चौक का उद्घाटन उसी प्रयास का एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सुरक्षित यात्रा की आदत विकसित करने के प्रति सोसायटी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

### अपराधियों के हमले में जदयू नेता के पुत्र व भाई जख्मी, गांव में तनाव

**नवादा।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाने के लोहानीविघा गांव में शुक्रवार को जनता दलों के वरिष्ठ नेता जददू यादव के पुत्र मुकेश यादव तथा भाई मुन्नी यादव को बदमाशों ने 300000 रंगदारी नहीं देने पर जान लेवा हमला कर जख्मी कर दिया गया है। दोनों को गंभीर स्थिति में नवादा सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया। जदयू के वरिष्ठ नेता जददू यादव ने बताया कि गांव के अनिरूद्ध यादव तथा उनके दो बेटों ने मिलकर उनके बेटे मुकेश यादव से 300000 रंगदारी की मांग की। रुपए देने से इनकार करने पर प्राण लेवा हमला कर जख्मी कर दिया। जददू यादव ने बताया कि हमलावर अपराधी किस्म का व्यक्ति है, जो अवैध शराब का बिक्री किया करता है। अवैध शराब की बिक्री का विरोध करने तथा रंगदारी नही देने पर गुंडों ने हमले की कार्रवाई की। उन्होंने यह कहा कि हमारे पुत्र से 300000 की रंगदारी की मांग कर रहा था। इसकी सूचना पूर्व में भी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी। मुफस्सिल के थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्णिया विश्वविद्यालय में वेतन कटौती को लेकर हो रहा बवाल

**पूर्णिया।** पूर्णिया विश्वविद्यालय का प्रशासनिक संकट अब दिन ब दिन गहराता जा रहा है। आउटसोर्सिंग स्टॉफ के वेतन में की गई कटौती ने विश्वविद्यालय की कार्यव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। पहले से ही न्यूनतम वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह कटौती अब और भी आर्थिक संकट का कारण बन गई है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए कुलसचिव की लंबी अनुपस्थिति ने समस्या के समाधान में बाधा उत्पन्न कर दी है। प्रशासनिक शून्यता का खामियाजा न केवल कर्मचारियों को बल्कि छात्रों को भी भुगतना पड़ रहा है। विशेष रूप से एडमिशन प्रक्रिया प्रभावित हुई है, जिससे नए छात्रों और अभिभावकों में असंतोष बढ़ रहा है। परिस्थितियों से आक्रोशित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस बीच छात्रों और कर्मचारियों ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग से हस्तक्षेप की मांग की है।

### डाक जीवन बीमा जागरूकता रथ को डीएम ने किया रवाना

**पटना।** बीमा के प्रति लोगों को जागरूक बनाने एवं डाक जीवन बीमा के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को जागरूकता रथ को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य ने संयुक्त रूप से जिला समाहरणालय से हरी झंडी रवाना किया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने बीमा के महत्त्व को बताते हुए सभी से बीमा कराने की अपील की। डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक जीवन बीमा की शुरूआत 01 फरवरी 1884 को हुई थी। शुरूआत में इसका लाभ केवल डाक विभाग के कर्मचारियों को ही दिया जाता था परन्तु वर्तमान में सभी सरकारी, अर्ध सरकारी कर्मचारी, लिस्टेड कंपनी के कर्मी, प्रोफेशनल जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, चार्टर अकाउंटेंट के साथ साथ स्नातक योग्यताधारक भी इस बीमा का लाभ उठा सकते हैं।

### जिलाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्या, शीघ्र कार्रवाई का दिया भरोसा

**किशनगंज।** जिलाधिकारी विशाल राज ने आमजनों की समस्या सुन जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। डीएम विशाल प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से समाहरणालय स्थित सभागार में आमजनों की सभी समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई करते है। इसी क्रम में लोगों ने जिलाधिकारी विशाल राज से मिलकर अपनी समस्याओं, शिकायतों से उन्हें अवगत कराया। प्राप्त समस्याओं, शिकायतों पर यथाशीघ्र नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। डीएम ने बताया कि आमजनों से जुड़ी हुई सभी समस्याओं, शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी।

## नवादा में पुलिसकर्मी के घर से 15 लाख रुपए की जेवरात व सामानों की चोरी

**नवादा।** नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव में रिटायर पुलिसकर्मी के घर में चोरी की घटना हुई है। चोरी की जानकारी शुक्रवार को मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की है। हवलदार पद से रिटायर श्रवण कुमार ने बताया कि 13 जनवरी को पूरा परिवार मकर संक्रांति का पर्व मनाने के लिए घर से बाहर चला गया था और इसी दौरान चोरों ने घर को अकेला पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के किराएदार जब शुक्रवार को पहुंचे तो उन्होंने फोन करके बताया कि घर में ताला टूटा हुआ है। इसके बाद पूरा परिवार आकर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में सोना, चांदी सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। श्रवण कुमार ने बताया है कि 2 मार्च को उनकी पोती की शादी है और इसके लिए उन्होंने सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान की खरीदारी की थी। सभी सामान घर पर ही रखे थे, चोरी की घटना को अंजाम देकर घर खाली कर दिया गया है। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस पकड़ेगी। फिलहाल, मामले में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर आगे की जांच की जा रही है।

# जिला प्रशासन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण


वितरण करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बढ़ते ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन लगातार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण कर रही है।

साथ ही ठंड से बचाव करने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। गिरते तापमान और बढ़ते ठंड के मद्देनजर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार ओबरा पंचायत के ग्राम अन्नराज नावाडीह पहुंचे और अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज की महिलाओं, पुरूषों तथा ग्राम भदुआ की पीवीटीजी समुदाय के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सहायक निदेशक ने सभी से उन्हें मिलने वाली पेंशनों की भी जानकारी ली तथा किसी के बहकावें में न आने की बाते कहीं।

## मोतिहारी के सरकारी स्कूलो में बेंच-डेस्क सप्लाई की होगी जांच

**पूर्वी चंपारण।** जिला के विभिन्न स्कूलो बेंच-डेस्क की सप्लाई में गड़बड़ी पाये जाने के बाद शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस.सिद्धार्थ ने कड़ा एक्शन लिया है।शिक्षा विभाग ने इस मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश देते हुए एक पत्र जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि पूर्वी चंपारण जिले में बेंच-डेस्क सप्लाई में भारी गड़बड़ी हुई है। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आपूर्ति किए गए बेंच-डेस्क की जांच की गई,जिसकी गुणवत्ता असंतोषजनक पाया गया। प्रथमदृष्टया इसमे जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार के विरूद्ध आरोप प्रमाणित हो रहा है, ऐसे में सरकार ने वृहद जांच का संकल्प लिया है। साथ कहा गया है,कि पूर्वी चंपारण के डीईओ संजीव कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। जिसको लेकर शिक्षा विभाग के विशेष सचिव सतीश चंद्र झा को संचालन पदाधिकारी व तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। विभाग ने कहा है कि संचालन पदाधिकारी तीन माह के अंदर विभागीय कार्यवाही संपन्न कर जांच प्रतिवेदन देंगे। उल्लेखनीय है,कि पूर्वी चंपारण के सरकारी स्कूलों में करोड़ों की बेंच-डेस्क सप्लाई में भारी गड़बड़ी की गई है। जिसका खुलासा सत्ताधारी दल के विधायकों ने की थी।

# प्रशिक्षण के बाद 21 छात्रों को मिली नौकरी


चयनित छात्रों के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 छात्रों को शोभा लिमिटेड कम्पनी कंपनी बैगलोर मे नौकरी मुहैया कराई है।

गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्राचार्य बृजकिशोर, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, शैलेन्द्र यादव, शमशेर अंसारी ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से काम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 46वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1386 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। मौके पर एमआईएस प्रेम कुमार, ट्रेनर सिंटू कुमार, जनक राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप पर आधारभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर लाइसेंस होगी निलंबित

एजेंसी

**अररिया।** परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी पेट्रोल पंप पर आधारभूत सुविधा को लेकर जांच की जाएगी।बाकायदा परिवहन विभाग की ओर से एक टीम गठित कर सभी पंप पर आधारभूत सुविधाओं की जांच की जाएगी और उसमें कमी होने पर उक्त पेट्रोल पंप का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी सतीश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। पेट्रोल पंप परिसर में पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय और पेयजल की व्यवस्था होना अनिवार्य है।

# नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन


जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माई युवा भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, संजय बैठा, निरंजन कुमार पांडेय एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक उपस्थित थे। मौके पर मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होने से आए दिन रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। हम अपने आस पड़ोस के व्यक्ति को जागरूक कर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना जरूरी हैं। निरंजन पांडेय ने कहा कि हिट एंड रन योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के पास जमा करें।

स्वीकृत आवेदन प्राप्त होने पर घायल के मामले में राशि 50,000 रुपए प्रदान किया जाएगा। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाया। वहीं पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने सड़क हादसा ग्रस्त लोगों को तत्काल कार्रवाई करते हुए सरकारी सहायता के लिए प्रेरित और चिकित्सा उपलब्ध कराया। मौके पर दिलीप पासवान, संगीता सिन्हा, प्रदीप कुशवाहा, प्रभात तिवारी, यशवंत मिश्र, उदय कुशवाहा, बिरेंद्र साव, राजा रोहन सिंह विकाश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## महाकुंभ में होगा जेएसएफ का विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में विलय : प्रवीण

**अररिया।** आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में होगा। जिसकी विधिवत घोषणा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरीजी महाराज एवं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी हजारों संतो की उपस्थिति में किया जायेगा। मौके पर जूना अखाड़े के मुखिया हरि गिरीजी महाराज द्वारा हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत के मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित कैलेंडर का विमोचन भी किया जाएगा। उक्त बातें फाउंडेशन के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने एक निजी विद्यालय में आयोजित जिला कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए संपूर्ण बिहार से सैकड़ों कार्यकर्ता 24 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। इसके लिए सभी जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर बैठक में मौजूद प्रदेश महासचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश सचिव सत्यवान मालाकार, विभाष झा, महिला विंग प्रदेश महासचिव शिवानी सिंह, जिला संयोजक संदीप कुमार,अर्णव सिंह गोलू, जिला महासचिव प्रसेनजीत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी आदित्य दत्ता, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नितेश रवि,गोरी यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रंजन, चंद्रकला राय, अशोक राय आदि ने 4 फरवरी को अररिया जिला के 21 मंदिरों में मंगल मिलन सह हनुमान चालीसा पाठ कराये जाने की जानकारी दी।

## शहीद सिपाही दीपक कुमार को द्वितीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**भागलपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के मद्य निषेध विभाग में तैनात सिपाही दीपक कुमार की द्वितीय पुण्यतिथि शुक्रवार को भागलपुर जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र स्थित उनके पैतृक गांव नया टोला भोलसर में मनाई गई। इस अवसर पर उनके पिता खगेश प्रसाद साह, माता मंजू देवी, स्थानीय निवासियों और विभागीय अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 17 जनवरी 2023 को मुजफ्फरपुर जिले के दियारा क्षेत्र में छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं ने सिपाही दीपक कुमार की हत्या कर दी थी। माफियाओं ने उन्हें गंडक नदी में डुबोकर मार डाला था। दीपक कुमार के बलिदान को आज भी विभाग और समाज याद करता है। श्रद्धांजलि सभा में भागलपुर मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर ट्रेनिंग ऑफिसर जयभगवान, कहलगांव मद्य निषेध थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, कर्म भूमि कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर रवि कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वक्ताओं ने दीपक कुमार के अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान समाज को प्रेरणा देता है।

## विस चुनाव से पहले राज्य में होगी 80 हजार शिक्षकों की बहालीः सम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार विधानभा चुनाव में एनडीए को पक्की जीत दिलाने के लिए एनडीए गठबंधन के दल काफी सक्रिय है और ताबड़तोड़ वैकेंसी निकाले की योजनाएं चल रही है। इस बीच राज्य में टीआरई-4 के तहत बहुत जल्द 80 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी, जिसका ऐलान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। सम्राट चौधरी ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि चौथे चरण में 80 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होने वाली है। यह नियुक्ति चुनाव से पहले संपन्न हो जाएगी।

# पटना में ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट से एक की मौत, दूसरा घायल

**पटना।** राजधानी पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र अन्तर्गत भूतनाथ रोड के समीप बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल का ऑक्सीजन गैस सिलेंडर शुक्रवार की शाम ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर वाहन से अनलोड करने के दौरान अचानक फट गया। इस घटना में ऑक्सीजन सिलेंडर उतार रहे एक कर्मी के चीथड़े उड़ गए। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सिलेंडर उतारने में सहयोग कर रहे अस्पताल के एक कर्मी का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस बाबत अनुमंडल अधिकारी सत्यम सहाय ने बताया कि ऑक्सीजन उतारने के क्रम में एक की मौत हुई है जबकि एक घायल है। अनुसंधान में बहुत सारी बातें सामने आयेंगी।

# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया नमन

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना जिले के बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुए। उन्होंने शहीदों की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अमर शहीदों स्व. डुमर सिंह (प्रतिमा स्थल गणेश उच्च विद्यालय परिसर, बख्तियारपुर), शहीद नाथुन सिंह यादव (प्रतिमा स्थल नया बाईपास, राघोपुर तिराहा, बख्तियारपुर), स्व. मोगल सिंह (प्रतिमा स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर, बख्तियारपुर), स्व. पं शीलभद्र याजी (प्रतिमा स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बख्तियारपुर) एवं स्व. कविराज रामलखन सिंह 'वैद्य' (प्रतिमा स्थल नवनिर्मित डाकबंगला परिसर, बख्तियारपुर) की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉएस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

स्पीड न्यूज

## फिल्म देवा का नया पोस्टर हुआ रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म देवा का एक नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें शाहिद कपूर एक दमदार और गहन अवतार में नजर आ रहे हैं। मोनोक्रोम में बने इस पोस्टर में शाहिद की लाल टिंट वाली सनग्लासेस प्रमुखता से दिख रही हैं, जिसमें एक आग भरा दृश्य प्रतिबिंबित हो रहा है।

## लॉस एंजिल्स में आग से अबतक 27 की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी भीषण जंगल की आग से एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी है और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गयी है। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। लॉस एंजिल्स में दो प्रमुख जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने क्षेत्र में हवाएं धीमी हो जाने से गुरुवार को भी प्रयास जारी रखे।

## युद्ध विराम को झटका 86 फिलिस्तीनी मारे गये

**गाजा।** इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद बुधवार को गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में 23 बच्चों सहित कम से कम 86 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा विभाग ने गुरुवार शाम को यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि कुल मौतों में से 73 उत्तर में गाजा शहर में, चार मध्य गाजा में और नौ दक्षिण में दर्ज की गईं।

## ओली सरकार के खिलाफ विपक्ष ने बनाया गठबंधन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सत्ता से हटने के लिए विपक्षी दलों ने नया गठबंधन बनाया है। इस गठबंधन ने ओली को इतिहास का सर्वाधिक असफल प्रधानमंत्री करार देते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है। पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी मोर्चा के गठबंधन ने ओली सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए इतिहास का सबसे असफल प्रधानमंत्री बताया है।

## स्पेन में पाक के 40 से अधिक लोग डूबे

**इस्लामाबाद।** पश्चिमी अफ्रीका से नाव के जरिए स्पेन पहुंचने का प्रयास कर रहे पाकिस्तान के कम से कम 40 से अधिक नागरिकों के समुद्र में डूब गये। मैड्रिड और नवारा स्थित अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि मोरक्को के अधिकारियों ने बुधवार को एक नाव से 36 लोगों को बचाया। यह नाव दो जनवरी को मॉरिटानिया से रवाना हुई थी। इसमें पाकिस्तान के 66 लोगों सहित 86 प्रवासी थे।

## शेयर बाजार में थमी तेजी, सेंसेक्स 423 और निफ्टी 108 अंक लुढ़का



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली होने से बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा। सेंसेक्स 423.49 अंक यानी 0.55 प्रतिशत गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 23,203.20 पर आ गया।



महाकुंभ : प्रयागराज में शुक्रवार को शोभा यात्रा निकालते संत।

# इमरान को 14 और पत्नी को 7 साल की सजा

## अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में अदालत ने पाक के पूर्व पीएम को सुनायी सजा

एजेंसी

▶▶ 50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाया और दोनों को क्रमशः 14 और सात साल की जेल की सजा सुनाई। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग-अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। आखिरी बार इसे 13 जनवरी को टाला गया था। न्यायाधीश ने आदिला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में खान और उनकी पत्नी को कारावास की यह सजा सुनायी । राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। मुकदमा खान और बीबी पर चलाया गया क्योंकि एक प्रॉपर्टी कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ समझौते के तहत ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी द्वारा पाकिस्तान को लौटाए गए 50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग किया गया। राष्ट्रीय



खजाने के तौर पर इस्तेमाल होने वाली इस राशि को उस व्यवसायी के कथित तौर पर निजी लाभ के लिए लगाया गया, जिसने बीबी और खान को एक विश्वविद्यालय स्थापित करने में मदद की थी। अल-कादिर ट्रस्ट की ट्रस्टी के रूप में बीबी पर इस समझौते से लाभ उठाने का आरोप है, जिसमें झेलम में अल-कादिर विश्वविद्यालय के लिए 458 कनाल भूमि का अधिग्रहण करना भी शामिल है।

## दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# महिलाओं को हर महीने 2500 गरीबों को 5 रुपये में भोजन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना पहला संकल्प पत्र जारी कर दिया। पार्टी अभी दो संकल्प पत्र और जारी करेगी। पहले संकल्प पत्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए हर महीने 2500 रुपये देने का ऐलान किया है। दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी। गरीबों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी और होली-दीपावली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। दिल्ली में बिजली-पानी और बस को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह भी जारी रहेंगी। जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेश



सभी योजनायें भाजपा सरकार आने के बाद पहली कैबिनेट में ही पारित किया जायेगा : जेपी नड्डा

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की योजना को दिल्ली में लागू

▶▶ गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, होली और दीवाली पर एक-एक मुफ्त

किया जाएगा। यह सारी योजनाएं दिल्ली में भाजपा सरकार आने के बाद पहली कैबिनेट में ही पारित कर दिया जाएगा। दिल्ली वालों को 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। नड्डा ने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये और छह पोषण किट भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपये पेंशन मिलेगी। नड्डा ने कहा कि मैनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन लोग भी भूल जाते थे और राजनीतिक पार्टियां भी भूल जाती थीं लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मैनिफेस्टो संकल्प पत्र में परिवर्तित हो गया है। संकल्प से सिद्धि की ओर जाने का मंत्र भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के मन में समा गया है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है।

### खुलेगा अटल कैंटिन

उन्होंने कहा कि दिल्ली में अटल कैंटीन की शुरूआत की जाएगी जिसमें पांच रुपये में पौष्टिक आहार दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने साल 2015 में दिल्ली के लोगों से 100 कैंटीन शुरू करने का वादा किया था लेकिन एक भी शुरू नहीं किया। केजरीवाल ने गरीबों का मजाक उड़ाया है।

# भारतवंशी चंद्र आर्य कनाडा के प्रधानमंत्री की दौड़ में शामिल

एजेंसी

**ओटावा।** भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने औपचारिक रूप से कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनने के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। भारत के कर्नाटक में जन्मे श्री आर्य ने कनाडाई संसद को अपनी मूल भाषा कन्नड़ में संबोधित किया, जिससे पूरी दुनिया के कन्नड़ लोगों के लिए गर्व का क्षण बन गया। उन्होंने कहा कि लगभग पांच करोड़ कन्नड़ लोगों के लिए यह गर्व का क्षण है कि कर्नाटक के तुमकुर जिले के शिरा तालुक का एक व्यक्ति कनाडा में संसद सदस्य के रूप में चुना गया है और अब इस प्रतिष्ठित संस्थान में कन्नड़ में बोल रहा है। उन्होंने कनाडा में कन्नड़ प्रवासी की जीवंत सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में याद किया, जिसमें 2018 में कनाडाई संसद में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव समारोह भी शामिल है। उन्होंने कर्नाटक की साहित्यिक विरासत का सम्मान करते हुए राष्ट्रकवि कुवेम्पू की पंक्तियों को उद्धृत किया और वैश्विक कन्नड़ समुदाय के साथ एक राग छेड़ते हुए सभी हो सकते हैं, सभी हो सकते हैं, आप हमेशा कन्नड़ हो सकते हैं के साथ समाप्त किया। कर्नाटक में तुमकुर जिले के शिरा तालुक में जन्मे श्री आर्य की कनाडा की

### कर्नाटक में जन्मे आर्य बोले, पांच करोड़ कन्नड़ लोगों के लिए यह गर्व का क्षण



राजनीतिक यात्रा समावेशिता, सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और वैश्विक सहयोग के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है। विविधता और एकता के मूल्यों पर आधारित उनके अभियान ने कनाडा में भारतीय प्रवासियों का महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षित किया है। उनकी उम्मीदवारी को वैश्विक राजनीति में भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। कन्नड़ में कनाडाई संसद को संबोधित करके, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व के लिए प्रयास करते हुए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व को दर्शाया है। कन्नड़ और वृहद् भारतीय प्रवासियों ने उनकी पहल की सराहना की है, इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत कहा है।

# सैफ अली खान की हालत में हो रहा सुधार

मुंबई। चाकू से हमले में घायल हुए अभिनेता सैफ अली खान का मुंबई के लीलावती अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शुक्रवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। पुलिस ने बताया कि हमले के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है जबकि महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि इस घटना के पीछे किसी अंडरवर्ल्ड गिरोह का हाथ नहीं है। लीलावती अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ नितिन डांगे ने कहा, ह्नहम उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं और हमारी उम्मीदों के मुताबिक उनकी हालत में अच्छी

### पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया



तरह सुधार हो रहा है। उनकी प्रगति के अनुसार, हमने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और अगर वह ठीक महसूस करते हैं, तो दो से तीन दिन में हम उन्हें छुट्टी दे देंगे।

## रूसी सेना में सेवा देने वाले 12 भारतीयों की मौत, 16 लापता

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के दौरान रूसी सेना में सेवायें दे रहे 12 भारतीयों की मौत हो चुकी है और 18 भारतीय लापता हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में केरल के बिनिल बाबू की हाल ही में रूसी सेना में सेवाएं देते हुए हुई मौत को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया । उन्होंने बताया कि अब तक रूसी सेना में भारतीयों के सेवाएं देने से जुड़े 126 मामले प्रकाश में आए हैं। इन 126 मामलों में 96 भारतीय स्वदेश वापस आ चुके हैं । 18 मामलों में 16 के बारे में रूसी सेना का कहना है कि उनके पास इन भारतीयों की कोई जानकारी नहीं है।

# फ्रॉड कॉल पर लगेगा लगाम

एजेंसी

▶▶ मंत्री सिंधिया ने संचार साथी मोबाइल एप किया लांच
▶▶ धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना होगा आसान
▶▶ इस एप से चोरी हुये 25 लाख फोन में से 15 लाख मिला

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां नागरिक केंद्रित सेवाओं के तहत संचार साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 विजन दस्तावेज का अनावरण भी किया और डीबीएन द्वारा वित्त पोषित 4-जी मोबाइल साइटों पर इंट्रा सर्कल रोमिंग का उद्घाटन किया।

इससे लोगों को अपने मोबाइल फोन कॉल लॉग से धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना आसान हो जाएगा। सिंधिया ने संचार साथी ऐप के लांचिंग के अवसर पर कहा कि आज संचार साथी ऐप को हर उपभोक्ता के फोन पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल को वैश्विक सफलता मिली है, 9 करोड़ लोग इसे देख चुके हैं। ऐप...इस पोर्टल की मदद से हमने चोरी हुए 25 लाख फोन में से 15 लाख का पता लगा लिया है। हमारा संचार साथी पोर्टल और ऐप प्रहरी बनकर सभी को सुरक्षित रखेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य हर नागरिक को सशक्त बनाना है राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन पर आधारित...।

सिंधिया ने कहा कि 12.5 लाख व्हाट्सएप अकाउंट बंद कर दिए



हैं। इस पोर्टल से लगभग 25 लाख चोरी हुए फोन को निष्क्रिय कर दिया है, जिनमें से 15 लाख का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कई सुविधाएं प्रदान करती है, लेकिन जब भी कोई आविष्कार होता है, तो हमेशा कुछ बुरे लोग होते हैं, जो इसका दुरुपयोग करने की कोशिश करते हैं। संचार साथी पोर्टल सभी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक अभिभावक के रूप में कार्य करेगा।

## कोटा में ओड़िशा के छात्र ने की सुसाइड

**कोटा ।** राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक अभ्यर्थी ओडिशा का निवासी है। आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

पुलिस के अनुसार, ओडिशा निवासी अभिजीत गिरी (18) अप्रैल 2024 से कोटा में रह कर जेईई की तैयारी कर रहा था। 10 दिनों में कोटा में कोचिंग छात्र की आत्महत्या का तीसरा मामला है। एएसआई लाल सिंह तंवर ने बताया कि सूचना मिली थी कि अंबेडकर कॉलोनी स्थित जैन विला रेजीडेंसी हॉस्टल में जेईई के छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग: मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहें हैं।

मोदी ने भारतमंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को

### हाइड्रोजन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है सरकार : प्रधानमंत्री

कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढाँचा। मेक इन इंडिया के जरिए किफायती वाहन।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा कि



मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शक ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिट के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है।

### मेक इन इंडिया पहल को पीएलआइ से मिला बढ़ावा

उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

